आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 298 • जबलपुर • शुक्रवार, 2 दिसम्बर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अगहन मास शुक्ल पक्ष-9 • विक्रम संवत 2079 शके 1935

## लुधियाना बम ब्लास्ट एनआईए को बड़ी कामयाबी मास्टरमाइंड हरप्रीत गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। लुधियाना बम ब्लास्ट का मास्टरमाइंड हरप्रीत सिंह गिरफ्तार कर लिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को मलेशिया के कुआलालंपुर से गिरफ्तार किया है। हरप्रीत, लखबीर सिंह रोड का सहयोगी है जो पाकिस्तान स्थित इंटरनेशल सिख यूथ फेडरेशन का प्रमुख है। हरप्रीत अपने सहयोगी के साथ दिसंबर 2021 लुधियाना कोर्ट बिल्डिंग ब्लास्ट के साजिशकर्ताओं में से एक था। विस्फोट में एक की मौत और कई घायल हुए थे।

## मूसेवाला मर्डर का मास्टरमाइंड हिरासत में

**अमृतसर, ईएमएस।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को अमेरिका के कैलिफोर्निया में हिरासत में ले लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, गोल्डी को 20 नवंबर या इससे पहले डिटेन किया गया। हालांकि अभी तक इसके बारे में कैलिफोर्निया पुलिस ने औपचारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है।

## दाल भात में मूसलचंद : बन रहे चीन को भारत की दो टूक

# हम चाहे जिसके साथ युद्धाभ्यास करें तीसरे को क्या मतलब...



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका के साथ उत्तराखंड में चल रहे संयुक्त सैन्य युद्ध अभ्यास पर चीन की आपत्ति को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। उसने दो टूक कहा है कि हमारे सैन्य अभ्यास को लेकर किसी भी तीसरे पक्ष को कोई मतलब नहीं होना चाहिए। भारत ने पलटवार करते हुए कहा कि चीन को पहले खुद आईने में झांकना चाहिए कि उसने पूर्वी लद्दाख में अतिक्रमण करके किस तरह समझौतों पर उल्लंघन किया है। च्दाल भात में मूसल चंदज बनने की कोशिश कर रहे चीन ने भारत-अमेरिका युद्धाभ्यास पर यह कहते हुए आपत्ति की है कि यह सीमा पर शांति के लिए हुए द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन है। बीजिंग लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के नजदीक हो रहे युद्धाभ्यास को भारत-चीन मामलों में अमेरिका की दखल के रूप में देख रहा है।चीन की आपत्ति से जुड़े सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत ने किसी तीसरे देश को इसका च्वीटोज नहीं दिया है कि किसके साथ सैन्य अभ्यास करें, किसके साथ नहीं। उन्होंने कहा कि युद्धाभ्यास का द्विपक्षीय संबंधों से कुछ लेना-देना ही नहीं है। बागची ने आगे कहा, च्लेकिन चूंकि ये चीनी पक्ष की तरफ से उठाया गया है तो मैं जोर देकर कहता हूं ।

### बेनकाब हुआ चीन, भारत से तनाव घटाने की बात, पीछे से चल दी नई चाल

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चीन एक और भारत के साथ तनाव घटाने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर अपनी समुद्री ताकत लगातार विस्तार कर रहा है।अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया गया है।चीन ने अफ्रीकी देश जिबूती में अपना सैन्य अड्डा बना लिया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के इस कदम से हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना के लिए गंभीर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, जिबूती में चीनी सैन्य अड्डे का निर्माण कार्य साल 2015 से ही जारी है।रिपोर्ट के मुताबिक जिबूती में चीनी सैन्य अड्डे का निर्माण कार्य साल 2016 से ही जारी है।इसका निर्माण करीब 590 मिलियन डॉलर की लागत से हो रहा है।यह अड्डा इस साल ऑपरेशनल भी हो गया है चीन यहां एयरक्राफ्ट कैरियर, बड़े युद्धक पोत, पनडुब्बी भी तैनात कर सकता है।जिबूती रणनीतिक तौर पर इसलिए खास जिबूती रणनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दुनिया के व्यस्ततम जलमार्ग स्वेज नहर के रास्ते में स्थित है।यह सैन्य अड्डा बाब-अल-मंदेब जलडमरू के पास स्थित है, जो अदन की खाड़ी और लाल सागर को अलग करता है।यहां से स्वेज नहर जलमार्ग पर भी नजर रखी जा सकती है, जो व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।इस अड्डे के बूते चीन की समुद्री ताकत का विस्तार हिंद महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक हो जाएगा।

#### सैन्य अड्डे पर देखे गए चीनी जहाज

जिबूती में चीनी सैन्य अड्डे से जुड़ी तस्वीरें सामने आई है।मैक्सार की सेटेलाइट तस्वीरों में एक चीनी युझाओ क्लास (टाइप-071) लैंडिंग शिप नजर आया था। इसे जिस डॉकयार्ड पर खड़ा किया गया, उस पर हेलिकॉप्टर भी उतर सकता है। इस जहाज में कई टैंक, ट्रक और होवरक्राफ्ट ले जाए जा सकते हैं। यह जमीनी और हवाई हमलों से निपटने में सक्षम है। इस सैन्य अड्डे पर एक और चीनी जहाज चांगवाई शान भी देखा गया है। यह एक बड़ा जहाज है जिसका वजन करीब 25,000 टन है। इसे सैनिकों के साथ सैन्य वाहन, एयर-कुशन लैंडिंग क्राफ्ट और हेलिकॉप्टर ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। माना जा रहा है कि इसने एक फ्रंटलाइन चीनी डिस्ट्रॉयर के साथ इसी साल हिंद महासागर में प्रवेश किया।



# 5 वीं के बच्चों से टॉयलेट साफ करवाया

**रतलाम, यशभारत।** रतलाम के सरकारी स्कूल में बच्चों से टॉयलेट साफ कराने का मामला सामने आया है। जिसका VIDEO भी सामने आया है। शिक्षा विभाग ने इस मामले में स्कूल मैनेजमेंट से जवाब-तलब किया है। मामला रतलाम जनपद के पलसोड़ी गांव के शासकीय स्कूल का है। सरकारी स्कूलों में प्यून की व्यवस्थाएं लगभग खत्म हो चुकी हैं। ऐसे में कई बार स्कूली बच्चे ही स्कूलों में साफ-सफाई और दूसरे काम करते हुए नजर आ जाते हैं। टॉयलेट साफ करते हुए बच्चों का VIDEO सामने आने के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है।बच्चों का कहना है कि स्कूल की टीचर ने ही उनसे टॉयलेट की सफाई करने को कहा था। कुछ दिन के अंतराल में दो-तीन बच्चों से ही टॉयलेट साफ करवाया जाता है। बता दें, इस टॉयलेट का यूज केवल टीचर ही करती हैं।

**स्कूल की टीचर्स ही करती हैं इस्तेमाल**

VIDEOमें 2 बच्चे पढ़ाई छोड़कर स्कूल का टॉयलेट साफ करते दिखाई दे रहे हैं। हाथ में झाड़ू और पानी की बाल्टी भी है। VIDEO गांव के ही किसी व्यक्ति ने बनाया है। वह स्कूल टीचर से पूछ भी रहा है कि बच्चे बाथरूम साफ कर रहे थे। टीचर चौंककर पूछती हैं- हमारे यहां वे बच्चों के टॉयलेट साफ करने की बात से इनकार कर देती हैं। इस पर शख्स कह रहा है कि मेरे पासVIDEOहै। दोनों बच्चे 5वीं के स्टूडेंट हैं। VIDEहमें एक बच्चा कह रहा है कि वह 5वीं का छात्र है। बाथरूम का यूज मैडम ही करती हैं। दो बच्चे टॉयलेट साफ करते दिख रहे हैं।

## ISRO जासूसी केस में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की अग्रिम जमानत का आदेश रद्द किया

नई दिल्ली, एजेंसी ।साइंटिस्ट नंबी नारायणन को कथित रूप से ढ्ढस्क्रह्र जासूसी में फंसाने वाले मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत देने के लिए केरल हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट को फिर से जमानत याचिका पर सुनवाई करने का आदेश दिया है। साथ ही पांच हफ्तों तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी।



नंबी नारायणन को कथित रूप से 1994 के ISRO जासूसी के मामले में फंसाया गया था। बाद में उन पर लगाए गए सभी आरोप झूठे साबित हो गए और उन्हें बरी कर दिया गया था। इसरो जासूसी मामले में सुनवाई जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रवि कुमार की बेंच ने की।

## जेएनयू की दीवारों पर जाति सूचक स्लोगन पर बवाल

नई दिल्ली, ईएमएस। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज जातिसूचक में जातिसूचक टिप्पणी लिखने पर हंगामा मचा हुआ है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. शांतिश्री धुलिपुड़ी ने इस मामले की जांच का आदेश दे दिया है। इस बीच, फैकल्टी रूम और दीवारों पर ब्राह्मणविरोधी नारे लिखे जाने पर सोशल मीडिया पर संग्राम मचा हुआ है। एक फैकल्टी रूम के गेट पर भी गो बैक शाखा लिखा हुआ है। इधर, इस घटना के बाद सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गए हैं। हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा है कि ब्रह्मण विरोधी नारे की निंदा करता हूं।



उन्होंने कहा कि ऐसी सोच को कुचल देना चाहिए। इस बीच, अखिल (एबीवीपी) ने लेफ्ट विंग पर ये स्लोगन लिखने का आरोप लगाया है। कुलपति ने नोटिस जारी कर कहा कि कुछ अज्ञात लोगों ने फैकल्टी रूम और विश्वविद्यालय की दीवारों पर जातिसूचक टिप्पणी पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

प्रशासन ऐसी घटना की निंदा करता है। ऐसी घटना को विश्वविद्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जेएनयू सबका है।

## आगर-मालवा में 97 किमी चलेगी भारत जोड़ो यात्रा

## 3 दिन 2 रात रुककर राजस्थान पहुंचेगी

### बगलामुखी के दर्शन कर सकते हैं राहुल

**आगर मालवा, ईएमएस।** मध्यप्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज 10वां दिन है। राहुल गांधी के साथ मीनाक्षी नटराजन, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, उनकी पत्नी अमृता सिंह और विधायक जयवर्धन भी चल रहे हैं। यात्रा अपने 86वें दिन आगर-मालवा जिले में पहुंची। यात्रा सुबह 6 बजे जनाहा गांव से शुरू हुई। इसके बाद सुबह 10 बजे टी ब्रेक आगर जिले के तनोदिया गांव में हुआ।यह यात्रा सबसे लंबी दूरी आगर जिले में ही तय करेगी। यहां यात्रा 3 दिन और दो रात रुक कर जिले में 97 किलोमीटर की यात्रा करेगी। यानी प्रदेश में कुल यात्रा की 25 प्रतिशत दूरी आगर जिले में रहेगी। यहां से यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी। यात्रा के दौरान राहुल गांधी बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर और नलखेड़ा मां बगलामुखी



मंदिर के दर्शन करने जा सकते हैं। यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिले में प्रवेश स्थल से लेकर अंतिम छोर तक फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर लगा रखे हैं। यात्रा को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस, प्रशासन द्वारा भी तैयारी की है। यात्रा की सुरक्षा के लिए करीब दो हजार पुलिसकर्मियों का बल तैनात किया गया है। यहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ आज आगर मालवा जिले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता सिंह भी राहुल गांधी के साथ दिखाई दी। इस दौरान अमृता सिंह और राहुल गांधी के बीच चर्चा भी हुई। इधर, यात्रा को लेकर दिग्विजय सिंह के पुत्र पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह भी खासे सक्रिय हैं और दो दिन पहले से ही अपनी टीम के साथ आगर मालवा जिले में यात्रा के व्यवस्थाओं को लेकर कवायद करते दिखाई दे रहे हैं। अभिनेत्री स्वरा भास्कर आज भी भारत जोड़ो यात्रा के साथ हैं और राहुल गांधी के साथ ही रिंग में चल रही हैं।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से वसीयत

### तत्कालीन तहसीलदार, रीडर समेत पांच को सजा

**भिंड, यशभारत।** भिंड जिले के मेहगांव थाने क्षेत्र में छह साल पहले जिंदा व्यक्ति को मृतक बताकर फर्जी वसीयत कराए जाने का मामले सामने आया था। यह मामला मेहगांव में जिला सत्र न्यायाधीश अशोक गुप्ता की न्यायालय में चल रहा था। इस मामले में वादी-प्रतिवादी पक्ष की सुनवाई के बाद निर्णय सुनाया गया। न्यायाधीश ने इस मामले में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से वसीयत होना पाया। इस मामले में न्यायाधीश ने तत्कालीन तहसीलदार अशोक गोबड़िया, राजस्व विभाग के रीडर रामशरण यादव सहित 5 लोगों के खिलाफ तीन-तीन साल की सजा व अर्थदंड से दंडित किया गया। इस प्रकरण की अभियोजन की तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक देवेश शुक्ला ने की थी। बताया गया है कि वर्ष 2016 में मेहगांव में पदस्थ रहे तत्कालीन तहसीलदार अशोक गोबि?या व राजस्व विभाग के तत्कालीन रीडर रामशरण यादव समेत मोरोली के रहने वाले रायसिंह कुशवाह,उनकी पत्नी गुड्डी कुशवाह और गंगासिंह के खिलाफ मेहगांव पुलिस थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में मुकद्दमा दर्ज हुआ था। रायसिंह ने राजस्व अफसरों के साथ मिलकर षड्यंत्र पूर्वक छोटेलाल के जिंदा रहते हुए फौती दस्तावेज (मृत्यु प्रमाण पत्र ) तैयार कराकर इसके आधार पर अपने भाई के हिस्से की जमीन को हड़पने का षड्यंत्र रचा।

## सुअर का शिकार करने फैलाया था करंट

### तेंदुआ मरा तो कुएं में फेंक दिया

**सिवनी, यशभारत।** दक्षिण सामान्य वनमंडल के रूखड वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आर 195 से लगे राजस्व क्षेत्र डूंडासिवनी में चीमन भालेकर के खेत के कुएं में तेंदुआ का शव पानी में उतराता मिला था। इस मामले की तहकीकात के बाद पता चला कि खेत में जंगली सुअर के शिकार के लिए फैलाए गए करंट की जद में आने से एक तेंदुआ के आने से उसकी मौत हो गई। इसे छिपाने आरोपितों ने घटनास्थल से करीब 250 मीटर दूर स्थित खेत के कुएं में तेंदुआ का शव फेंक दिया था। वन विभाग ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया था । पूछताछ के आरोपितों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपितों ने वन अमले को दिए बयान में बताया कि करीब एक माह पहले खेत में फैलाए गए करंट की चपेट में एक जंगली सुअर आ गया था, जिसका मांस आरोपितों ने खाया था। दोबारा जंगली सुअर को फंसाने करंट फैलाया गया था, जिसकी चपेट में आने से तेंदुआ मृत हो गया। करंट में मृत तेंदुआ देखकर आरोपित घबरा गए और शव को कुछ दूरी पर स्थित एक खेत के कुएं में फेंक दिया। गुरुवार को उपवनमडल अधिकारी योगेश कुमार पटेल ने बताया कि, सूचना रूख रेंजर का वन अमला मौके पर पहुंचा था।



## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, गुस्साए लोगों ने वाहन फूंका

**सागर, यशभारत।** शहर के मोती नगर थाना क्षेत्र में भापेल गांव के पास गुरुवार को देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से गुस्साए लोगों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना गुरुवार रात की है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोती नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब दस बजे रवि शंकर वार्ड निवासी मयंक पिता महेश घोसी 35 वर्ष बाइक से भोपाल रोड पर जा रहे थे। तभी राहतगढ़ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मयंक की बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर की वजह से मयंक बाइक से उछलकर सड़क पर गिरे। हादसे में मयंक की मौके पर ही मौत हो गई।




## अजब-गजब खेल...

### हारने के बाद भी कैसे नॉकआउट में पहुंचा स्पेन?

# जीतकर भी बाहर हुआ जर्मनी

**अल खोर (कतर), एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में जर्मनी का सफर समाप्त हो गया है। 2014 में चैंपियन बनने के बाद लगातार दूसरे वर्ल्ड कप में टीम नॉकआउट तक नहीं पहुंच पाई। अपने आखिरीग्रुप मैच में ग्रुप ई के आखिरी दो मुकाबलों में जापान की टक्कर स्पेन और जर्मनी की कोस्टा रिका से थी। स्पेन को जापान के खिलाफ 2-1 से हार मिली। वहीं जर्मनी ने कोस्ट रिका को 4-2 से हराया। स्पेन और जर्मनी दोनों के 4-4 पॉइंट हो गए लेकिन इसके बाद भी जर्मनी की टीम बाहर हो गई। जर्मनी के लिए ग्रेब्री (10वां मिनट), काई हावर्टज (73वां और 85वां), फुलक्रुग (89वां) ने गोल दागे। वहीं, कोस्टारिका के लिए तेजेदा (58वां) और जुआन (70वां) ने गोल किए। स्पेन के लिए अल्वेरा



मोराटा ने गोल गोल कर टीम को आगे कर लिया। लेकिन रितसु ने 48वें और फिर तनाका ने 51वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिला दी। जापान ने 3 मैचों में दो जीत हासिल की और 6 पॉइंट के साथ ग्रुप में टॉप पर रहा। स्पेन और जर्मनी के 4-4 पॉइंट थे। बराबर पॉइंट होने पर गोल के अंतर से फैसला होता है कि कौन-सी टीम अगले राउंड में जाएगी। स्पेन ने 3 मैचों में 9 गोल किए और 5 खाए। वहीं जर्मनी ने 6 गोल किए और 5 खाए। स्पेन का गोल अंतर +6 रहा तो जर्मनी का +1 ही। इसी वजह से स्पेन को नॉक आउट में जगह मिली और जर्मनी का सफर समाप्त हो गया।जर्मनी फीफा वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीमों में शामिल है। उसने अभी तक हुए 22 टूर्नामेंट में से 20 में हिस्सा लिया है। टीम ने ब्राजील के बाद सबसे ज्यादा 4 खिताब जीते हैं। सिर्फ तीन ही बार ऐसा मौका आया, जब टीम नॉकआउट में नहीं पहुंच पाई। 2022 और 2018 से पहले 1938 में टीम पहले राउंड से बाहर हो गई थी। अंतिम 16 में जापान का सामना क्रोएशिया से जबकि स्पेन का सामना मोरक्को से होगा।

# गुरू के प्रति निष्ठा और समर्पण की मूर्ति : ब्रां. सुबुधानंद जी महाराज



माता बगलामुखी की महाआरती करते ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद महाराज, संतजन व शिष्य मंडली



महाराजश्री का सम्मान करते महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू विधायक विनय सक्सेना व कांग्रेस नेता एनपी प्रजापति



महाराजश्री से आशीर्वाद लेते यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला

**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ आश्रम सिविक सेंटर में परमपूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद महाराज जी जो द्वीपीठ के निजी सचिव भी है, का बगलामुखी सिद्धपीठ क्षेत्र में आश्रम में इकहत्तरवाँ जन्मोत्सव बडे धूम धाम से मनाया गया। बगलामुखी माता का श्रृंगार अर्चन, सांयकाल महाआरती, लड्डू से अर्चन किया गया, तत्पश्चात एक धार्मिक संगोष्ठी आयोजित की गई। महापौर जगत बहादुर सिंह ( अन्नू ) ने पूज्य ब्रह्मचारी जी को जन्मदिन की बधाइयां देकर आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा की संतों के दर्शन करने मात्र से ही व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं। हमारे यहाँ धर्मशास्त्रों में ये लिखा है कि यदि आज व्यक्ति का नाम भी ले ले तो उसके पाप नष्ट हो जाते हैं। आज हमको पूज्य ब्रह्मचारी जी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उत्तम संयोग ये रहा कि आज उनका जन्मदिन है इसलिए हम लोग उनके जन्मदिन पर बार बार शत शत नमन करते हैं। भगवती बगलामुखी से प्रार्थना करते हैं कि वो अनंत वर्ष तक किसी ढंग से हम लोगों का नेतृत्व करते रहें। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी ने बताया कि पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी का सादा हम लोगों पर आशीर्वाद रहा। वो भगवती बगलामुखी के बडे समराधक हैं। हम माता बगलामुखी से प्रार्थना करते हैं कि भगवती उनको दीर्घजीवी बनाए। शंकराचार्य आश्रम, रायपुर से पधारे ब्रह्मचारी श्री इंदुभवानंद जी ने बताया कि, जो गुरु की सेवा करता है वह समस्त पुरुषार्थों को प्राप्त कर लेता है। ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी बडे भाग्यशाली हैं, की उन्हें पूज्यपाद शंकराचार्यजी का सेवा का उनको अवसर प्राप्त हुआ, वे जीवन पर्यंत सेवा करते रहे। हम सब पराम्बा भगवती श्री बगलामुखी से यह कामना करते हैं कि वह उन्हें दीर्घ जीवी बनाए रखें और पूज्य ब्रह्मचारी जी हम सबका अनंत समय तक नेतृत्व करते रहे। आचार्य राजेंद्र प्रसाद शास्त्री जी ने पुराने संस्मरण सुनाते हुए ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद की गुरु-निष्ठा पर प्रकाश डाला। जानकीरमण महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात त्रिपाठी ने श्री सुबुद्धानंद जी की गुरु भक्ति की कि भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने पूज्य ब्रह्मचारी जी से आशीर्वाद लिया। ब्रां. चैतन्यानंद, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, विधायक विनय सक्सेना, सुशील तिवारी इंदू, रादुविवि कुलपति प्रो कपिल देव मिश्र, भरत सिंह, मधु यादव, मनोज सेन, संजय तांबकार, बी.के पटेल, हर्षित तिवारी, बृजेश दुबे, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, आशुतोष दीक्षित, नर्मदा प्रसाद शर्मा, सी एन दुबे, प्रकाश द्विवेदी, हेमंत मिश्रा, आशीष चौकसे आदि भी उपस्थिति रहे।

# संयमित आचरण और समानता का व्यवहार ही एड्स का टीका (वैक्सीन) है

## विश्व एड्स दिवस पर रासेयो जिला जबलपुर एवं रेड रिबन क्लब श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन



**जबलपुर, यशभारत।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पियर एजुकेटर अभिविन्यास कार्यक्रम रासेयो जिला जबलपुर एवं रेड रिबन क्लब श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासी निकाय अध्यक्ष श्री शरद चंद्र पालन एवं अध्यक्ष प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि डॉक्टर धीरज दवंडे जिला नोडल अधिकारी रानी दुर्गावती जिला चिकित्सालय सारस्वत अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संपूर्ण तिवारी, श्री चंद्र गोपाल तिवारी एवं साहित्यकार श्री यूएस दुबे रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि संयमित आचरण से ही एड्स पर विजय प्राप्त की जा सकती है उन्होंने छात्र-छात्राओं को समाज के अन्य जनों को भी एड्स से बचाव की जानकारी देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डॉ. धीरज दवंडे ने पियर एजूकेटरों एवं रासेयो स्वयंसेवकों से एड्स पीड़ितों से समानता का व्यवहार करने की बात कही उन्होंने जानकारी दी कि जबलपुर में कुल 53 केंद्र हैं इनमें 13 जांच केंद्र सरकारी हैं जहां एड्स की जांच निशुल्क की जाती है इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ आनंद सिंह राणा ने विश्व एड्स दिवस पर प्रकाश डालते हुएज्कहा कि च्सुरक्षा बेहतर है, उपचार से च इसलिए इस बीमारी से बचाव की टीका हमारे पास स्वयं है और वह जानकारी के साथ यौन संबंधों में आत्म संयम और आत्म नियंत्रण। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के 20 रेड रिबन क्लबों के चयनित पीयर एजूकेटरों के साथ महाविद्यालय स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं के भरपूर उपस्थिति रही कार्यक्रम को अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा सेवा योजना अधिकारी श्री तरुण मिश्रा ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय स्टाफ से डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, अंजली शुक्ला, श्री प्रशांत पाठक, श्रीमती अनामिका ठाकुर, श्रीमती राधा झारिया, श्रीमती नीना चौबे, मीनाक्षी लोधी, काजल मानिक, प्रियंका यादव, अनुपमा पाठक, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, हेमंत सोंधिया, चंद्र कुमार चौबे, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार आदि का सहयोग रहा।

## ट्रांसजेंडर समुदाय को दी गई एड्स की जानकारी

**जबलपुर, यशभारत।** वाईआरजी केयर संस्था के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ में मनाया गया जिसमें एचआईवी एड्स से संबंधित विषय पर विशेष रूप से ट्रांसजेंडर समुदाय को और अन्य समुदाय के लोगों को जानकारी दी गई। विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है जिसमें भारत के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से मनाया जाता है और एचआईवी एड्स से बचाव के विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी जाती है इसी कड़ी में वायर जी केयर के वन स्टॉप सेंटर के सेंटर मैनेजर अखिलेश पटेल काउंसलर शालिनी निखार जी लॉजिस्टिक असिस्टेंट जितेंद्र कोरी जी आउटरीच वर्कर चंद्रपाल सिंह जी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम मनाया गया और इस पूरे कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर समुदाय से राधाबाई, चंद्रा, पूजा डिंपल और सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।




# कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा चार हजार से अधिक जन शिकायतें की गईं दूर

**जबलपुर, यशभारत।** वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह नवम्बर, 2022 तक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त चार हजार से अधिक जन षिकायतों का निपटान किया गया और लगभग 95 प्रतिशत शिकायतों का निपटान कार्यालय द्वारा केवल 3 कार्यदिवसों में किया गया। कुछ मामलों में कार्यालय द्वारा सदस्यों की षिकायतों का निपटान बिना विलम्ब किये घंटे भर के अंदर किया गया। राकेष सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-I ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन माध्यमों से प्राप्त षिकायतों के तत्काल एवं पूर्ण निपटान हेतु समेकितरूप से प्रयास किये जाते है। उन्होंने बताया कि नवम्बर 2022 तक ऑनलाइन माध्यमों से केन्द्र सरकार के एकीकृत षिकायत पोर्टल सीपीग्राम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के षिकायत पोर्टल ईपीएफआइजीएमएस एवं राज्य सरकार के षिकायत पोर्टल सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त लगभग 3800 षिकायतों का निपटान कार्यालय द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त ईमेल एवं सोशल मिडिया जैसे व्हाट्सएप, ट्यूटर एवं फेसबूक आदि से प्राप्त लगभग 200 षिकायतों का निपटान भी कार्यालय द्वारा तत्परता से किया गया है।

# स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का महापौर निगम अध्यक्ष नेताप्रतिपक्ष ने किया सम्मान

## स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 में जबलपुर बनेगा नम्बर वन



**जबलपुर, यशभारत।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 में लगे सफाई योद्धओं, सफाई संरक्षकों, स्व. सहायकता समूह के प्रतिनिधियों, रहवासी संघों के प्रतिनिधि के साथ-साथ अन्य स्वच्छता मित्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज मानस भवन के प्रेक्षागृह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता सैनिकों, स्वच्छता मित्रों, संस्था, नागरिक, नागरिक समूह, स्व-सहायता समूह, एन.जी.ओ., रहवासी संघ, मार्केट, स्वच्छ टेक्नोलॉजी, स्वच्छ इनोवेशन के प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य अमरीश मिश्रा के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी उत्कृष्ट स्वच्छता मित्रों, स्व सहायता समूहों, एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं, रहवासी संघों के प्रतिनिधियों, के अलावा स्वच्छता के ब्रांड एम्बेस्डर्स अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी सुश्री मधु यादव, पूर्व पार्षद हीरा बाई, शिक्षा अधिकारी वीणा वर्गीस का सम्मान किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू', अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के द्वारा सभी उत्कृष्ट स्वच्छता कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर संस्कारधानी के नागरिकों की भागीदारी से इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 की प्रतियोगिता में जबलपुर को नम्बर वन बनाएगें। इस मौके पर नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये और स्वच्छता अभियान में सभी से बढ़ -चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। सम्मान समारोह का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल आदि के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि आरिफ बेग, अपर आयुक्त महेश कोरी, शिक्षा अधिकारी वीणा वर्गीस, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त संभव आयाची आदि उपस्थित रहें।

# राज्य जूडो स्पर्धा आज से 250 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के निर्देशन में जबलपुर जिला जूडो संघ के तत्वावधान में आज से लिटिल चैंम्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल खजरी बाईपास में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता शुरू हो रही है। उक्त जानकारी देते हुए जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता व सचिव आबिद हुसैन खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, देवास, नीमच, रतलाम, मंदसौर, गुना, शाजापुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रीवा, सतना, सागर, दतिया, एवं जबलपुर के अलावा शासकीय उपक्रम मध्य प्रदेश राज्य खेल अकैडमी भारतीय खेल प्राधिकरण सहाय क्रीडा परिषद आदि की टीमें भाग लेंगी, इस प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 250 से अधिक खिलाड़ियों एवं अधिकारियों की भाग लेने की संभावना है। खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था स्कूल परिसर में की गई है। श्री खान ने आगे बताया कि उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ी दिनांक 16 से 20 दिसंबर तक रांची झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ पूर्णिमा विषे द्वारा किया जाएगा। आज प्रतियोगिता के प्रथम दिन पुरुष वर्ग में 55 किलोग्राम 60 किलोग्राम वह महिला वर्ग में 44 किलोग्राम एवं 48 किलोग्राम के वजन समूह की स्पर्धाए होंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन दोपहर 3:30 बजे लिटिल चैंम्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑडिटोरियम में होगा।



Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान
हमसे पाये समाधान
27 साल के अनूभवी
अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के
हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
शालें ही शालें...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No 95758 01020
www.shalby.org

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

# स्टेरिंग संभाले मेट्रो बस चालक को हार्ट अटैक, मौत

## अनियंत्रित हो गयी बस, 6 घायल, एक की हालत नाजुक



चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति





**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोहनाका में आज शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती बस में मेट्रो बस चालक को हार्ट अटैक आ गया। जिसने हड़बड़ाहट में ब्रेक मारा लेकिन तब तक बस अनियंत्रित होकर ऑटो और बाइक चालकों पर चढ गयी। हादसे में सड़क लहू से लाल हो गयी। जिसने भी यह हादसा देखा उनका कलेजा मुंह को आ गया। हादसे में 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे ही चालक को बस से उतारा और अस्तपाल लेकर जाने लगी, अधेड़ चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। गोहलपुर थाना प्रभारी विजय तिवारी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दमोहनाका के व्यस्ततम चौराहे में मेट्रो बस अचानक ई रिक्शा, और बाइक सवारों को टक्कर मारते आगे जाकर बंद हो गयी। मेट्रो में सफर कर रहे लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मेट्रों के अंदर जाकर देखा तो चालक हरदेव पाल पिता देवशरण पाल 50 निवासी कचरवारा बेहोश था। जिसे मेट्रो बस से बाहर उतारा और अस्पताल में भर्ती करवाने जाने लगे, तभी हरपाल ने दम तोड़ तोड़ दिया।

### मची चीख पुकार

चलती हुई मेट्रो बस में अचानक चालक हरदेव पाल को पसीना आने लगा। वह घबराया और उसका हाथ बस की स्टेरिंग से छूट गया। जिसके बाद वह समझ गया कि उसे हृदयाघात हुआ है। इन परिस्थितियों में उसने तत्काल ब्रेक मारा, लेकिन तब तक बस करीब 6 लोगों को टक्कर मारकर बुरी तरह घायल कर चुकी थी। इस दौरान मेट्रो बस में चीख पुकार मच गयी। तभी हरपाल की स्थिति को देखते हुए उसे बस से उतारा गया, लेकिन चिकित्सकीय उपाचार के बिना ही उसकी सांसे थम चुकी थी।

### यह हुए घायल

हादसे में भूरा पटैल पिता सुंदर पटैल उम्र 35 वर्ष निवासी अधारताल, कार्तिक पटैल पिता भूरा पटैल उम्र 4 वर्ष, ज्योति पटैल पिता भूरा पटैल उम्र 32 वर्ष, वेष्णवी पटैल पिता भूरा पटैल उम्र डेढ़ वर्ष, एलपी गौर पिता दालचंद गौर उम्र 62 वर्ष, निवासी कृष्णा कॉलोनी गोहलपुर, अमृता सिंग पिता जगत सिंह 26 वर्ष निवासी रीठी पन्ना, वर्तमान गोसलपुर रांझी बुरी तरह घायल हुए हैं। जिन्हें तत्काल मेट्रो अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोट है। वहीं, चालक हरदेव पाल के परिजनों को सूचित किया गया है। पुलिस ने पूरा मामला जांच में लिया है।

### समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन

# साहब की मेहरबानी से एक व्यक्ति को मिल रहे तीन-तीन उपार्जन केंद्र

जबलपुर यश भारत। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले में चल रही धान की खरीदी को लेकर रोज नए मामले सामने आ रहे हैं। जिसको लेकर यश भारत लगातार समाचार प्रकाशित कर रहा है। इसी क्रम में एक नया मामला सामने आया है जहां दो गोदाम संचालकों को अधिकारियों की मेहरबानी से 3-3 उपार्जन केंद्र दे दिए गए जबकि अन्य गोदाम संचालक एक केंद्र के लिए चक्कर काट रहे हैं। अधिकारियों की ऐसी मेहरबानी हुई की दो संचालकों को तीन जगहों पर 3 केंद्र दे दिए गए। जब की उनकी कुछ गोदाम तो प्राथमिकता सूची के हिसाब से केंद्र के लिए उपयुक्त भी नहीं थी। उसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा इस तरह का नियम विरुद्ध कार्य कर दिया गया।

### 1 मामला

अधिकारियों की दया दृष्टि का पहला मामला है शिव शक्ति वेयरहाउस का जहां पर उसकी तीन यूनिटों में तीन उपार्जन केंद्र खोले गए हैं। जानकारी के मुताबिक शिव शक्ति वेयरहाउस में सेवा सहकारी संस्था पड़रिया का केंद्र खोला गया है तो दूसरे शिव शक्ति वेयरहाउस में वृताकार सेवा संस्था बेला का केंद्र खोला गया है। वही तीसरी जगह पर लुहारी समिति का केंद्र स्थापित किया गया है। सबसे खास बात तो यह है कि जहां लुहारी समिति का केंद्र स्थापित हुआ है उसी जगह पर 500 मीटर के दायरे में दो अन्य गोदामों में केंद्र संचालित हो रहे हैं। साथ ही साथ जिस लुहारी समिति का केंद्र शिव शक्ति वेयरहाउस में खोला गया है वहां से लोहारी समिति लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर है और उस रास्ते में 1 दर्जन से अधिक वेयरहाउस पड़ते हैं उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस तरह की हीला हवाली की गई। शिवशक्ति वेयरहाउस कांग्रेसी नेता सचिन यादव और उनके परिवार से जुड़े लोगों का है जिस का संचालन मुख्य रूप से कांग्रेस नेता सचिन यादव करते हैं। जिन के दबाव में आकर अधिकारियों द्वारा यह काम किया जा रहा है। हद तो यह है कि सचिन यादव के गोदाम में धर्म कांटा नहीं है उसके बाद भी जो प्राथमिकता सूची तैयार की गई उसमें धर्म कांटा दर्शाया गया है।

### 2 मामला

शिव शक्ति वेयरहाउस के साथ-साथ जिले में दिनेश पटेल और उनके परिवार व सहयोगियों की तीन गोदामों में अधिकारियों द्वारा तीन उपार्जन केंद्र खोले गए हैं। जिसमें शुभी एग्रो लॉजिस्टिक मैं वृत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सिंगोद का केंद्र खोला गया है।वही शुभी रिधीसा वेयरहाउस में प्रतीक्षा आजीविका संगठन को केंद्र दिया गया है। इसके अलावा सत्यम शिवम वेयरहाउस मैं वैनगंगा किसान उत्पादन कंपनी केंद्र संचालित कर रही है। यह तीनों ही गोदामें दिनेश पटेल व उनसे जुड़े व्यापारिक सहयोगीयों की है। दिनेश पटेल जबलपुर वेयरहाउसिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भी हैं जिसके चलते वह अधिकारियों पर दबाव बनाने में कामयाब हो जाते हैं। पूर्व में गेहूं उपार्जन के दौरान भी जब इस तरह की मारामारी थी तो अधिकारियों द्वारा इसी तरह से इनकी गोदामों में कई केंद्र स्थापित करे हुए थे। जानकारी के मुताबिक पूर्व में गेहूं उपार्जन के द्वारा दिनेश पटेल की गोदाम में बड़ी हेरा फेरी भी सामने आई थी जहां बड़ी संख्या में गेहूं गोदाम से गायब मिला था। जिसको लेकर जांच चल रही है। उसके बाद भी विभाग द्वारा इस तरह की उपकृत करने वाली नीति अपनाई जा रही है।




### हटा दिया केंद्र

यश भारत द्वारा गुरुवार को समाचार प्रकाशित किया गया था जिसमें बताया गया था कि किस तरह से अधिकारियों की मेहरबानी से एमपीडब्ल्यूएलसी के कर्मचारी की गोदाम में नियमों को ताक पर रखकर केंद्र स्थापित कर दिया गया। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति करते हुए उक्त कर्मचारी की गोदाम से केंद्र हटाकर कहीं और स्थापित कर दिया गया है। इस पूरे मामले में नई गोदाम के साथ-साथ कांटे की गलत जानकारी का मामला प्रकाशित किया गया था। सूत्रों की माने तो उक्त गोदाम के लाइसेंस निर्माण में भी कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। जिसको लेकर अधिकारियों को पूरी जानकारी है लेकिन वे खामोशी बरते हुए हैं। इस तरह के और भी कई मामले हैं जहां नियमों को ताक पर रखकर केंद्र खोले गए हैं साथ ही साथ स्व सहायता समूह व एफपीओ के माध्यम से जो केंद्र संचालित हो रहे हैं उनमें भी कई गंभीर गड़बड़ियां है। जिसको यश भारत आने वाले अंकों में लगातार प्रकाशित करता रहेगा।

### 3 मामला

इस सूची में तीसरा नाम है जबलपुर वेयरहाउसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा पप्पू का जिनके दो गोदामों मैं धान का उपार्जन केंद्र खोला गया है पहला है महादेव वेयरहाउस जिसमें प्रेरणा महिला आजीविका संगठन उपार्जन कर रहा है और दूसरा है महादेव एग्री मार्केटिंग जिसमें एकता महिला आजीविका संगठन उपार्जन कर रहा है। इसके पूर्व भी इन्हें गेहूं में अधिकारियों द्वारा इन को उपार्जन केंद्र दिया गया था। सुशील शर्मा वेयरहाउसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं इसके चलते वे अधिकारियों पर केंद्र बनाने को लेकर दबाव बनाते रहते हैं। जबकि उनका नैतिक दायित्व है कि वह सभी गोदाम संचालकों को बराबर बराबर का व्यवसाय दिलाये लेकिन वे एसोसिएशन की आड़ में अपने हित साध रहे हैं और अधिकारी उनके ऊपर मेहरबानी दिखा रहे हैं।



विश्व दिव्यांग दिवस पर अनेक आयोजन

## पुलिस ग्राउंड में सामर्थ्य प्रदर्शन एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं, रैली कल निकलेगी




**जबलपुर, यशभारत।** विश्व दिव्यांग दिवस पर आज पुलिस ग्राउंड में दिव्यांगों की सामर्थ्य प्रदर्शन एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आयुक्त निः शक्तजन मध्यप्रदेश संदीप रजक ने किया। इस अवसर पर नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिकुं विज एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन भी मौजूद थे। विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय आयोजन के दौरान कल शनिवार 3 दिसम्बर की सुबह कमानिया गेट से दिव्यांगजनों द्वारा रैली निकाली जायेगी तथा रैली के समापन पर मानस भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### घमापुर में फौजी ने किया दुष्कर्म

## छुट्टियों में होटल ले जाकर करता था बार बार ज्यादती, 3 साल से दे रहा था धोखा



**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर थाना अंतर्गत बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक आर्मी जवान ने युवती को प्यार के झांसे में फांसकर तीन सालों तक लगातार बलात्कार किया और जब युवती ने विवाह कर लेने का दबाव डाला तो आरोपी साफ मुकर गया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 28 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि वह घमापुर की निवासी है और जॉब करती है। गोरखपुर निवासी 30 वर्षीय युवक से उसकी जान पहचान हुई। जिसकी आर्मी में नौकरी लग गयी थी। उसने प्रेम के झांसे में लेकर उससे विवाह करने का आश्वासन दिया था।

### होटलों में की ज्यादती

पुलिस के अनुसार आरोपी आर्मी का जवान है, जो छुट्टियों में जबलपुर आता था और लगातार तीन वर्षों से होटलों और आसपास घुमाने लेकर जाता था और मनमर्जी करता था। जब पीड़िता ने विवाह का दबाव डाला तो आरोपी मुकर गया। जिसे अभिरक्षा में लिया गया है।

## ठंड से जबलपुर में पांचवी मौत!



### तालाब के पास मृत मिला युवक, नहीं हो सकी शिनाख्त

**जबलपुर, यशभारत।** सर्द हवाएं अब शहर में कहर ढाने आमादा है। जिसके चलते केन्द्रीय जेल के तालाब के पास रोड में एक युवक अकड़ा हुआ पड़ा था। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए, मर्ग कायम कर जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि युवक की मौत ठंड लगने के कारण हुई है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी रमेश कौरव ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अनुराग शर्मा ने सूचना दी कि आज सुबह वह टहलने के लिये निकला था केन्द्रीय जेल के पास स्थित तालाब के पास रोड के किनारे एक युवक उम्र करीब 40-45 वर्ष का मृत पड़ा है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

### नहीं मिले गर्म कपड़े

पुलिस ने बताया कि मृत युवक के पास गर्म कपड़े नहीं थे, वह ऐसे ही रोड के किनारे सो गया होगा। जिसके सोते सोते ही प्राण निकल गये। तलाशी के दौरान फिलहाल मृतक के पास कोई आईडी कार्ड आदि नहीं मिल सका है। जिसकी शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

## देवताल में उताराता मिला युवक का शव

### 3 दिन से था लापता, बेटे का शव देख चीख पड़े परिजन

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा के देवताला में आज शुक्रवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का लोगों ने शव उतारते हुए देखा। जिसके बाद फौरन पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाबा से रेस्क्यू कर, मर्ग कायम करते हुए जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक करीब तीन दिनों से लापता था, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज थी। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। तो वहीं जैसे ही लाडले का शव परिजनों ने देखा तो चीख पड़े। उनका मानना था कि बेटा अभी उठ खड़ा होगा, निढ़ाल हुए परिजनों को जैसे-तैसे लोगों ने सम्हाला। थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रामनगर गढ़ा निवासी सतीश बैंड का संचालक सतीश बैन उम्र 45 वर्ष करीब दिन दिनों से घर से लापता था। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन जब युवक का कहीं सुराग नहीं मिला तो थकहार कर पुलिस में शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने गुमइंसान कायम कर मामला जांच में लिया था।

### शव में नहीं है चोट के निशान

आज जैसे ही लोगों ने तालाब में शव उताराते हुए देखा तो उनका कलेजा मुंह को आ गया। पुलिस ने शव बाहर निकालकर पड़ताल की तो पाया कि ठंड के कारण बॉडी अकड़ गयी थी। लेकिन किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। बहरहाल पुलिस ने शव पीएम हेतु भेजा है। अब मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौता कैसे हुई।

### पत्नी को लेने ससुराल आया पति फांसी पर झूला

**जबलपुर यश भारत।** पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विजौरी गांव के खेत में लगे बबूल के पेड़ पर एक 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है इस संबंध में पनागर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कुंडम थाना क्षेत्र के छीरपानी ग्राम का रहने वाला 22 वर्षीय पुष्पेंद्र गौड़ पिता देव सिंह गौड़ की पनागर थाना के बिजोरी गांव में ससुराल है उसकी पत्नी मायके में थी गत दिवस में पत्नी को लेने ससुराल आए हुए थे जहां पर ससुराल पक्ष से पत्नी को ले जाने पर कुछ आनाकानी की जिसके कारण वह शाम को घर से निकला और गांव के बाहर दिनेश बैरागी की खेत में लगे बबूल के पेड़ में फांसी का फंदा बनाया और उसे झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली उक्त घटना की खबर पुलिस को लगते ही वह मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## नाले में घुसी कार एक की मौत, दो घायल

### देर रात कटंगी प्रज्ञा धाम में हादसा



**जबलपुर, यशभारत।** बीती रात कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुबरा मार्ग पर प्रज्ञा धाम के पास एक कार लहराते हुए नाले में जा गिरी इस दुर्घटना में एक युवक को गंभीर रूप से चोट आने के कारण उसने दुर्घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि उसके दो अन्य साथी को चोटें आई उक्त दुर्घटना की खबर पुलिस को लगते मौके पर पहुंची और घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गोटेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुवार गांव के रहने वाले 20 वर्षीय विकास राजपूत प्रताप बबलू राजपूत हिमांशु एवं रोहित राजपूत कटंगी में अपने एक रिश्तेदार के यहां आए हुए थे रात को वह है खाना खाने के लिए कहीं गए हुए थे जब वह वापस अपने गांव गोटेगांव जा रहे थे इसी दौरान उनकी कार प्रज्ञा धाम के नाले के पास असंतुलित होकर खाई में जा गिरी दुर्घटना में हिमांशु एवं रोहित राजपूत को गंभीर रूप से चोट आई जबकि विकास राजपूत शव आज सुबह पानी में उतराता हुआ मिला उक्त घटना की खबर जैसे ही मृतक के रिश्तेदार एवं अन्य लोगों को लगी तो मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.845/अ-6/2022-2023
अधारताल, दिनांक 21/11 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज पटेल पिता स्व. श्याम बिहारी पटेल निवासी जबलपुर हा.मु. भोपाल के द्वारा मौजा स्थित भूमि खसरा नंबर 521/15 (एस) में से रकवा 0.037 वर्गफुट भूमि पर श्याम बिहारी पटेल की मृत्यु दिनांक 10/10/2016 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी पेशी दिनांक7/12/22 तक इस न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 21/11/22
पेशी दिनांक - 07/12/2022

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

राप्रक्र/2243/अ-6/2022-23
जबलपुर दिनांक 28.11.2022

**// आम इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि. आवेदक श्री ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद निजी सचिव एवं अध्यक्ष राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी सेवा ट्रस्ट झोतेश्वर तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 153/3 रकवा 0.0560 हेक्टेयर भूमि पंजीकृत वसीयतनामा पुस्तक क्रमांक अ-3 ग्रन्थ क्रमांक 18 के पृष्ठ क्रमांक 19 से 53 के माध्यम से वसीयत की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान राजस्व अभिलेखो में उक्त भूमि जगतगुरू द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य श्री स्वरूपानंद जी सरस्वती साकिन झोंतेश्वर गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के नाम दर्ज है।

तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 13.12.2022 तक न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक -28.11.2022
पेशी दिनांक-13.12.2022

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

## संपादकीय

# बेवजह का भाषा विवाद क्यों

केंद्र सरकार ने कहीं भी हिंदी ना थोपने का आश्वासन दिया है। लेकिन उससे तमिलनाडु में भावनाएं अगर शांत नहीं हुई हैं, तो इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है। ये खबर समाचार एजेंसी ने दी है और अगर यह सच है, तो इसे गहरी चिंता का कारण माना जाना चाहिए। क्या सचमुच तमिलनाडु में हिंदी थोपे जाने की धारणा इस हद तक गहरा गई है कि लोग आत्मदाह करने लगे हैं? खबर यह है कि एक बुजुर्ग ने हिंदी भाषा के विरोध में आत्मदाह कर लिया। उनका कहना था कि केंद्र सरकार पूरे देश में हिंदी को थोपना चाहती है, जबकि यह भाषा सिर्फ उत्तर भारत में बोली जाती है। पुलिस के मुताबिक 85 साल के एमवी थांगवेल किसान थे। बीते शनिवार को उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल और केरोसिन छिड़क कर आग लगा ली। थांगवेल ने एक तख्ती अपने हाथ में ले रखी थी जिस पर लिखा था- च्मोदी सरकार हिंदी थोपना बंद करो। हम तमिल के ऊपर हिंदी को क्यों चुनें? खबरों के मुताबिक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपील की है कि इस मुद्दे पर कोई और अपनी जान ना दे। साथ ही केंद्र के हिंदी थोपने वाले कथित रुख की उन्होंने आलोचना की और कहा कि च्संकीर्ण मानसिकता से विविधता वाले खूबसूरत देश को ना बिगाड़िए।ज्ज बताया जाता है कि तमिलनाडु में माहौल पिछले महीने आई इस खबर के बाद गरमाया है कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली एक संसदीय समिति ने हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर आधिकारिक भाषा बनाने की मांग की है। इसमें मेडिसिन और इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा के लिए भी हिंदी को मुख्य माध्यम बनाने की बात कही गई थी। खबरों के मुताबिक थांगवेल तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके पार्टी के सदस्य थे। आशंका यह है कि उनके आत्मदाह की घटना से राज्य में भावनात्मक माहौल और भी ज्यादा सघन हो सकता है। जिस समय देश कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है, किसी राज्य में वैसा माहौल बने- यह कतई उचित नहीं है। केंद्र ने कहीं भी हिंदी ना थोपने का आश्वासन दिया है। लेकिन उससे तमिलनाडु में भावनाएं अगर शांत नहीं हुई हैं, तो इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# ऐतिहासिक क्रूरता का दस्तावेज है, 'द कश्मीर फाइल्स'

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में वैष्विक फिल्मों की जूरी के प्रमुख नदव लापिड द्वारा चर्चित फिल्म 'द कष्मीर फाइल्स' पर की गई विवादित टिप्पणी पर बढ़ता बवाल देख इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने अपने हमवतन फिल्मकार को फटकार लगाते हुए उनके बयान की तीखी निंदा की और इस गलती के लिए भारत से माफी भी मांगी। जिससे कि भारत और इजराइल के द्विपक्षीय संबंधों पर कोई विपरीत असर न पड़े। गिलोन ने यहां तक कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि को भगवान मानने की परंपरा का यह असम्मान है और आतिथ्य का दुरुपयोग भी है। लापिड को इस कृत्य के लिए षर्मिंदा होना चाहिए और भारत से माफी भी मांगनी चाहिए। भाजपा ने भी लापिड को आड़े हाथ लेकर उनकी तीखी आलोचना की और इस फिल्म को कश्मीर की हकीकत का प्रतिबिंब बताया। हालांकि बाद में लापिड को कहना पड़ा कि मैं कोई फिल्म विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन मुझे पता है कि ऐतिहासिक घटनाओं का गहराई से अध्ययन किए बिना उन पर बात करना असंवेदनशीलता है।
इतिहास तथ्य, घटना और साक्ष्य के सत्य पर आधारित होता है। 33 साल पहले कश्मीर की धरती पर पंडित एवं अन्य हिंदुओं के साथ हत्या, अत्याचार और दुराचार की एक नहीं अनेक तथ्यात्मक घटनाएं घटी थीं। नतीजतन चार से सात लाख लोगों को रातों-रात पलायन को विवश होना पड़ा था। उस समय सत्य का सामना करने से लोकतंत्र के संवैधानिक चारों स्तंभ आंख चुराते रहे थे। लिहाजा जो तथ्य और घटनाएं घटीं, उनके जीवित और पीड़ित सैंकड़ों साक्षियों के साक्ष्यों के आधार पर जब एक फिल्म सामने आई तो उसे झुठलाने की कोशिश फिल्म महोत्सव में भी देखने में आई।
भारतीय इतिहास का यह दुर्भाग्यपूर्ण पहलू रहा है कि जब भी इतिहास से मुठभेड़ होती है, तो तथाकथित बुद्धिजीवी ठोस सच्चाईयों को या तो नकारते हैं या फिर सुधारने की बात करते हैं। अयोध्या के विवादित राम मंदिर के पुरातत्वीय उत्खनन से सामने आए साक्ष्यों को भी वामपंथी कथित बौद्धिकों ने कुछ इसी तर्ज पर नकारा था। इतिहास को झुठलाने में छद्म धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ जाने को भी मुद्दा बनाया जाता रहा है। लेकिन इसी सिलसिले में जब जोधा-अकबर जैसी फिल्में बनती हैं तो उसे सराहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द कश्मीर फाइल्स पर ठीक ही कहा था कि 'अभिव्यक्ति की आजादी के झंडे लेकर घूमते थे, वे पूरी तरह बौखला गए हैं। उसे वे फिल्म की तथ्य और कला के आधार पर समीक्षा करने की बजाय बदनाम करने में जुटे हैं। यह पूरा का पूरा इकोसिस्टम कोई सत्य उजागर करने का साहस करे तो उसके साथ ऐसा ही करते हैं। ऐसे लोग इस सत्य को न तो समझने के लिए तैयार हैं और न ही यह चाहते है कि दुनिया इसे देखे।' दरअसल इस फिल्म में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा पंडितों पर किया गया क्रूर से क्रूरतम अत्याचार को हुबहू उसी रूप में दर्शाया गया है, जिस रूप में खूनी इबारत लिखकर घटना को अंजाम तक पहुंचाया गया था। इस संदर्भ में यह इतिहास के सत्य को वर्तमान रूप में फिल्माने वाली वास्तविक फिल्म है। चश्मदीद गवाहों के रूप में आज भी इन घटनाक्रमों के साक्षात्कार करने वाले लाखों पंडित शरणार्थी शिविरों में उन दिनों की याद करके दहशत में आकर रो पड़ते हैं।
कश्मीर का अतीत खंगालने से पता चलता है कि कश्मीर का इकतरफा सांप्रदायिक चरित्र तब से गढ़ना शुरू हुआ, जब 33 साल पहले नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष और तब के मुख्यमंत्री डॉ. फारूख अब्दुल्ला के घर के सामने सितम्बर 1989 में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकालाल टपलू की हत्या हुई थी। अलगाववादी हड़ताल तथा उग्र प्रदर्शन से बाज नहीं आ रहे थे और मस्जिदों से हिंदुओं को औरतें छोड़कर कश्मीर छोड़कर भाग जाने के माइक से ऐलान किए जा रहे थे। इसी आशय के पोस्टर उनके घरों के दरवाजों पर चिपका दिए गए थे। नतीजतन अल्पसंख्यक हिन्दुओं के सामूहिक पलायन का सिलसिला शुरू हो गया था। उस समय जम्मू-कश्मीर राज्य में कांग्रेस तथा नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की सरकार थी और खुद डॉ. फारूक अब्दुल्ला मुख्यमंत्री थे। इस बेकाबू हालत को नियंत्रित करने में राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाने की बजाय 20 जनवरी 1990 को एकाएक डॉ. अब्दुल्ला कश्मीर को जलता छोड़ लंदन भाग खड़े हुए थे। इस समय केंद्र में वीपी सिंह प्रधानमंत्री थे और ग्रहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद थे। लेकिन कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन द्वारा हालात से निपटने के लिए सेना की मांग करने के बावजूद सेना नहीं भेजी गई। 1990 में शुरू हुए पाक प्रायोजित आतंकवाद के चलते घाटी से कश्मीर के मूल सांस्कृतिक चरित्र के प्रतीक कश्मीरी पंडितों को बेदखल करने की यह सुनियोजित साजिश रची गई थी। इस्लामी कट्टरपंथियों का मूल मकसद घाटी को हिन्दुओं से विहीन कर देना था। इस मंशापूर्ति में वे सफल भी रहे। देखते-देखते वादी से हिन्दुओं का बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया और वे अपने ही पुश्तैनी राज्य में शरणार्थी बना दिए गए। ऐसा हैरान कर देने वाला उदाहरण अन्य किसी देश में नहीं है। पूरे जम्मू-कश्मीर में करीब 45 लाख कश्मीरी अल्पसंख्यक हैं, जिनमें से 7 लाख से भी ज्यादा विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। कश्मीर की महिला शासक कोटा रानी पर लिखे मदन मोहन शर्मा 'शाही' के प्रसिद्ध ऐतिहासिक उपन्यास 'कोटा रानी' पर गौर करें तो बिना किसी अतिरिक्त आहट के कश्मीर में शांति और सद्भाव का वातावरण था। प्राचीन काल में कश्मीर संस्कृत, सनातन धर्म और बौद्ध शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र था। 'नीलमत पुराण' और कल्हण रचित 'राजतरंगिनी' में कश्मीर के उद्भव के भी किस्से हैं। कश्यप ऋषि ने इस सुंदर वादी की खोज कर मानव बसाहटों का सिलसिला शुरू किया था। कश्यप पुत्र नील इस प्रांत के पहले राजा थे। कश्मीर में यहीं से अनुशासित शासन व्यवस्था की बुनियाद पड़ी। 14 वीं सदी तक यहां शैव और बौद्ध मतों ने प्रभाव बनाए रखा। इस समय तक कश्मीर को काशी, नालंदा और पाटली पुत्र के बाद विद्या व ज्ञान का प्रमुख केंद्र माना जाता था। कश्मीरी पंडितों में ऋषि परंपरा और सूफी संप्रदाय साथ-साथ परवान चढ़े। लेकिन यही वह समय था जब इस्लाम कश्मीर का प्रमुख धर्म बन गया। सिंध पर सातवीं शताबदी में अरबियों ने हमला कर, उसे कब्जा लिया। सिंध के राजा दाहिर के पुत्र जयसिंह ने भागकर कश्मीर में शरण ली। तब यहां की शासिका रानी कोटा थीं। कोटा रानी के आत्म-बलिदान के बाद पर्शिया से आए इस्लाम के प्रचारक शाहमीर ने 14वीं शताब्दी में कश्मीर का राजकाज संभाला। इस वर्ष के क्रूर शासकों को इस्लामिक कट्टरता का पाठ पढ़ाया जाता रहा। जिन सूफियों को साझा संस्कृति का वाहक माना गया था, वे वास्तव में छिपे रूप में इस्लाम के कट्टर व रूढ़िवादी पाठ पढ़ाकर मुस्लिमों को हिंदुओं के विरुद्ध खड़ा करते रहे। इन सूफियों ने केरल के मोपला में हिंदू नरसंहार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सुल्तान सिकंदर बुतषिकन के कालखंड में यह अत्याचार और बढ़ गया। यहीं से जबरन धर्म परिवर्तन करते हुए कश्मीर का इस्लामीकरण शुरू हुआ और एक-एक कर मंदिर भी तोड़े जाने लगे। इन मंदिरों के जीर्णोद्धार और नए मंदिरों के निर्माण पर रोक लगा दी गई। जिस पर आज तक स्थायी विराम नहीं लगा है।
जरूरी नहीं कि इतिहास की लाचारियां, बाध्यताएं और गलतियां किसी गतिशील समाज को स्थिर बनाए रखने का काम करें। यदि 32 साल में कोई ठोस तथ्यात्मक फिल्म कश्मीर समस्या पर नहीं बनाई गई तो इसका अर्थ यह नहीं है कि वर्तमान या भविष्य में फिल्में बनाई ही न जाएं। जिस देश का अतीत जितना प्राचीन होता है, उसे नए-नए संदर्भों में दोहराया जाता है। रामायण, महाभारत, सम्राट अशोक और चाणक्य पर आज भी फिल्म व टीवी सीरियल बन रहे हैं। अकबर, सिकंदर और पोरस, पद्मावती, कंगना रानौत की मर्णिकर्णिका-द क्वीन ऑफ झांसी भी ऐतिहासिक घटनाओं पर बनाई गई नई फिल्में हैं। कष्मीर पर 2020 में शिकारा फिल्म भी बनी थी। लेकिन वास्तव में यह फिल्म पीड़ित कश्मीरी हिंदुओं के दर्द को दर्शाने की बजाय, उसकी आड़ में हरकत करती दिखाई दी थी। इसमें बताया गया था कि कश्मीर में आतंकवाद सरकारी दमन के कारण पैदा हुआ। नतीजतन इस फिल्म को देखने के बाद मजहबी जिहाद से आहत हिंदुओं ने खुद को छला हुआ अनुभव किया। कोई फिल्म परिणाममूलक हो यह जरूरी नहीं, लेकिन यदि फिल्म इतिहास की छिपी हुई सच्चाईयों से अवगत कराती है तो यह ऐतिहासिक प्रमाण का बोध कराने वाली फिल्म है। कश्मीर का इतिहास और यह फिल्म इस बात का भी सबक है कि आखिर उदारमना हिंदु समाज, उदार नीतियों और अंजान विदेषियों को षरण देने के चलते ही न केवल पिटा है, बल्कि अपनी राज्य सत्ता से विस्थापित भी हुआ है। इस लिहाज से इस फिल्म को इतिहास का दस्तावेज भी माना जाआना चाहिए।

-प्रमोद भार्गव

# हाइपर जिमिंग से युवाओं की जान को जोखिम

पिछले दिनों टेलीविजन जगत के मशहूर अभिनेता 46 वर्षीय सिद्धांत वीर सूर्यवंशी की जिम में वर्कआउट करते समय हार्ट अटैक आने से मृत्यु हो गई। इससे पूर्व हास्य कलाकार 58 वर्षीय राजू श्रीवास्तव और 40 वर्षीय सिद्धार्थ शुक्ला की मौत भी जिम में वर्कआउट करने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। इसके अतिरिक्त दक्षिण भारत की फिल्मों के हीरो 46 वर्षीय पुनीत राजकुमार की हार्ट अटैक से और 53 वर्षीय गायक केके की मौत भी कार्डियक अरेस्ट होने से हुई थी।
पहले माना जाता था कि हार्ट अटैक का खतरा बुजुर्गों को होता है। लेकिन अब इसकी चपेट में नौजवान भी आने लगे हैं। पैसे खर्च करके लोग जिम में सेहत बनाने के लिए जाते हैं। वहां वो ट्रेनर की मौजूदगी में वर्कआउट करते हैं, ताकि जल्द से जल्द मसल्स गेन कर सकें, मोटापा दूर कर सकें और फिट बॉडी पा सकें। लेकिन पिछले कुछ दिनों से हार्ट अटैक के ब?ते मामलों से जिम जिंदगी के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।
विशेषज्ञों के अनुसार कई बार 'ओवर एक्सरसाइज' जिम में वर्कआउट करने के दौरान मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बनता है। हमें बहुत ज्यादा और बहुत तेज वर्कआउट करने से बचना चाहिए। जब आप वर्कआउट कर रहे हैं तब न तो बहुत अधिक वजन उठाए, न किसी वर्कआउट की अति करें। उम्र ब?ने के साथ इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। असल में एक्सरसाइज और हार्ट के बीच सीधा कनेक्शन है। जब आप तेजी से दौड़ते हैं या फिर ज्यादा एक्सरसाइज करते हैं तो महसूस करते होंगे कि हार्ट ज्यादा तेज धड़क रहा है। नॉर्मल एक्सरसाइज करने वालों की तुलना में जिम में ज्यादा वर्कआउट हार्ट पर प्रेशर डालती है जो सेहत के लिए सही नहीं होता है। धावकों पर एक अध्ययन में पाया गया था कि तेज दौड़ने की वजह से धावकों के हृदय की क्षति से जुड़े बायोमार्कर पाए गये थे। हालांकि ये बायोमार्कर अपने आप दूर हो जाते हैं। लेकिन हार्ट अगर ज्यादा शारीरिक तनाव को बार-बार सहता है तो यह स्थायी हो सकता है। डॉक्टरों का यह भी कहना है कि जिम में ज्यादा देर तक एक्सरसाइज करना, ट्रेड मिल पर ज्यादा दौड़ने से दिल की बीमारी की आशंका बढ़ जाती है। दिल का दौरा तब आता है जब हार्ट में ब्लड का फ्लो गंभीर रूप से कम या बाधित हो जाता है। ज्यादा एक्सरसाइज हृदय की मांसपेशियों के हिस्से को नुकसान पहुंचा सकती है। जिससे हार्ट अटैक हो सकता है। ऐसा नहीं है कि जिम में एक्सरसाइज करते ही हार्ट अटैक आ गया। इसके पीछे कई और कारण जिम्मेदार होते हैं। जैसे तंबाकू-धूम्रपान, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और फैमिली हिस्ट्री भी होती है। यहां तक कि मानसिक तनाव भी हार्ट अटैक की वजह बन सकती है।कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बाद से हार्ट अटैक की घटनाएं ज्यादा सामने आ रही हैं। पहले लगा कि कोरोना के इलाज के दौरान ली गई दवाओं से खून में थक्के ज्यादा बनने की वजह इसके पीछे हो सकती है। लेकिन अब यह देखने में आ रहा है कि बिना कोरोना के भी लोग दिल की बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि बहुत युवा उम्र में ही उन्हें यह सब झेलना पड़ रहा है। हैरानी यह है कि फिटनेस का विशेष ध्यान रखने वाले लोग भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। पिछले दो सालों में कई मैराथन रनर भी हार्ट अटैक की चपेट में आए हैं। दरअसल फिटनेस का शौक रखने वाले लोग और युवा भी तनाव भरा जीवन जी रहे हैं। इससे उनके दिल की सेहत पर भी नेगेटिव प्रभाव पड़ रहा है। एक तरह से देखा जाए तो स्ट्रेस, एंजाइटी और खराब खानपान ही हमारे दिलों तक पहुंचने के रास्तों को ब्लॉक कर रहे हैं और ये ब्लॉकेज ही हार्ट अटैक का रूप ले रहे हैं। आजकल के युवा, एथलीट्स और बॉडी बिल्डर्स स्टेरॉयड का बहुत इस्तेमाल करते हैं जो कि बहुत नुकसानदायक है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार स्टेरॉयड का इस्तेमाल दिल का दौरा पड़ने की संभावना को कई प्रतिशत तक बढ़ा देता है, खासकर युवाओं में। स्टेरॉयड्स सिर्फ हृदय को ही नहीं बल्कि लीवर, किडनी और शरीर के दूसरे अंगों को भी बुरी तरह से प्रभावित करते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि अगर आप स्टेरॉयड्स ले रहे हैं तो समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराना भी बहुत जरूरी है। दिल के ब्लॉकेज के साथ सबसे बड़ा खतरा यह है कि कई बार शरीर को मालूम ही नहीं चल पाता कि दिल पर खतरा आ गया है। दिल तक खून पहुंचाने वाली नलियों में ब्लॉकेज होने से हमें थकान लगना शुरू हो जाती है, लेकिन हम इसे सामान्य बात मानकर इसके लिए दूसरी वजहें खोजने लगते हैं। जो किस्मत वाले होते हैं, उन्हें दिल का छोटा दौरा पड़ता है और सही समय पर इलाज मिलने से वे बच जाते हैं। लेकिन किस्मत खराब होती है, तो लोग बड़े दौरे का शिकार हो जाते हैं और बचने का मौका नहीं मिल पाता।एक शोध के अनुसार पर्याप्त नींद नहीं लेने वाले युवाओं में हृदयाघात का खतरा ज्यादा हो रहा है। नींद और हृदय रोग के बीच पारस्परिक संबंध हैं। अध्ययन के दौरान बेसलाइन स्लीप स्कोर और स्लीप स्कोर में समय के साथ होने वाले परिवर्तन और हृदय रोग के बीच संबंधों की जांच की गई तो यह तथ्य सामने आए। पर्याप्त नींद नहीं लेने के अलावा खानपान में लापरवाही बरतना और दिनचर्या का नियमित नहीं होना भी युवाओं में हृदयाघात की बड़ी वजह बन रहा है। सोते समय देर रात तक मोबाइल देखने से भी नींद समय पर नहीं आती। यह भी कम उम्र में हार्ट अटैक के प्रमुख वजहों का कारण है। क्योंकि इससे नींद के घंटे काफी हद तक कम हो जाते हैं। हृदयाघात के मुख्य वजहों की जानकारी के लिए टीम ने 7200 लोगों पर 10 वर्ष तक गहन शोध किया। इसमें शराब पीने वाले, धूम्रपान करने वाले, व्यवसायी और सामान्य लोगों को सम्मिलित किया गया था। इस दौरान कोरोनरी हृदय रोग और स्ट्रोक का बाकायदा अध्ययन किया गया। जिन रोगियों में नींद के घंटे बढ़ाने जाने लगे, उनमें हृदय रोग का खतरा कम होने लगा और हार्ट की कार्यक्षमता भी बढ़ने लगी।

शशांक द्विवेदी

# आपका राशिफल 03 दिसम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 6005



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 6004**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान है तेजपत्ते की चाय

किचन के मसालों में इस्तेमाल होने वाले तेजपत्ता स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के अनुसार, इसे एक औषधी के रुप में भी देखा जाता है। यह खाने की सुगंध बढ़ाने के साथ-साथ कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी देता है। इसमें विटामिन-सी,ए, बी, ई, आयरन, कैल्शियम, पौटेशियम, कॉपर और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते है। खासकर सर्दियों में आप तेजपत्ते से बनी चाय का सेवन करके कई तरह की बीमारियों से राहत पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ....

### तेजी से घटेगा वजन

यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो तेजपत्ते से तैयार चाय का सेवन कर सकते हैं। यह आपके शरीर का मेटाबॉल्जिम स्तर बूस्ट करके शरीर में से एक्स्ट्रा फैट बर्न करने में मदद करती हैं।

### हार्ट को रखता है स्वस्थ

तेजपत्ते में पौटेशियम, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं इससे आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में सहायता करते हैं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहने से दिल संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

### डायबिटीज मरीजों के लिए गुणकारी

इस चाय का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। एक शोध के अनुसार, तेजपत्ते से तैयार चाय का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन लेवल सुधारता है। इसके अलावा इस चाय से खून में रक्त में ग्लूकोज की मात्रा भी कम होती है जिससे आपकी डायबिटीज भी कंट्रोल में रहती है।

### इंफेक्शन से बचाए

तेजपत्ते में पाए जाने वाले एंटीफंगल गुण शरीर को किसी भी तरह की इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इसमें कैंडीडा एल्बीकैंस नाम का तत्व पाया जाता है जो किसी भी तरह के इंफेक्शन से बचाने में भी मदद करता है। खासकर फंगल इंफेक्शन में आप तेजपत्ते के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे किसी भी तरह की समस्या से राहत मिलेगी।
कैसे तैयार करें तेजपत्ते की चाय?

### सामग्री

| | |
|---|---|
| तेजपत्ता | - 3-4 |
| दालचीनी पाउडर | - एक चुटकी |
| पानी | - 2 कप |
| शहद | - 1/2 चम्मच |
| नींबू | - आधा टुकड़ा |

### बनाने की विधि

सबसे पहले तेजपत्ते को पानी से धोएं और एक पैन में 2 कप पानी गर्म कर लें।
इसके बाद तेजपत्ते को पानी में उबालने के लिए रख दें।
1 मिनट तक इसे उबालें और फिर दालचीनी का पाउडर मिला दें।
मिश्रण को 3-4 मिनट तक उबलने दें। तय समय के बाद इसमें शहद मिलाएं।
आपकी तेजपत्ते से तैयार चाय बन चुकी है। आप इसे छलनी से छान लें।
स्वादअनुसार इसमें नींबू मिलाएं और सेवन करें।

## सूडोकु नवताल- 6517

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -6516 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |



**विचार प्रवाह**

मां ने बचपन में तुम्हें जो स्नान कराया है। अगर उसका कर्ज अदा कर सके तो शाही स्नान की जरूरत नहीं है। कैसा आश्चर्य है? जिसने तुझे अपना दूध पिलाया, तू उसे पानी भी नहीं पिला पा रहा है। वाह रे जमाने, तेरी हद हो गई। बीवी हमदर्द और मां सिरदर्द हो गई। किसी ने रोजा रखा, किसी ने उपवास रखा। स्वीकार होगा उसकी का, जिसने मां बाप को अपने पास रखा।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7556



**बाएँ से दाएँ**

1. चोगा, गाऊन-3
3. पायजामा, शलवार-4
6. भाग्य, लक-3
7. सूर्य, भास्कर-2
8. बिता हुआ दिन-2
10. न्यूनता, निम्नता-5
12. मैडल, पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलिन स्त्री-5
20. थूक, लेस-2
22. विलंब, लेट-2
23. जाँच, निरीक्षण-3
24. श्मशान, शवदाहगृह-4
25. साफ, बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**

2. दानशीलता, उदारता-5
3. पाठ, शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन, मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप, लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा, हालात-3
21. रिपोर्ट-3

**शब्द पहेली -7555 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# दिव्यांग सदस्यों के लिए आजीवन रहेगी परिवार पेंशन की पात्रता

## आयु का बंधन होगा समाप्त

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर के लिए बनाए नियमों में परिवर्तन होगा। अभी पेंशनर की मृत्यु होने पर पति या पत्नी को परिवार पेंशन की पात्रता होती है। इनकी मृत्यु होने पर परिवार में आश्रित दिव्यांग है तो उसे आजीवन परिवार पेंशन की पात्रता होती है, लेकिन दिव्यांगता 25 वर्ष की आयु के पूर्व की होनी चाहिए। अब आयु सीमा के इस प्रविधान को समाप्त किया जा रहा है यानी आश्रित 25 वर्ष की आयु के बाद दिव्यांग हो जाता है, तो भी परिवार पेंशन मिलेगी। इसके साथ ही पेंशन नियम में यह प्रविधान भी किया जा रहा है कि आश्रित विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा बेटी को भी परिवार पेंशन की पात्रता रहेगी। केंद्र सरकार ने पेंशनर के हितों को ध्यान में रखते हुए पेंशन नियम में कई बदलाव किए हैं। शिवराज सरकार भी मध्य प्रदेश सिविल सर्विस पेंशन नियम 1976 में परिवर्तन करने जा रही है। अभी आश्रित बेटा या बेटी की दिव्यांगता 25 वर्ष की आयु के पूर्व होती है तो ही उसे परिवार पेंशन की आजीवन पात्रता रहती है।



इस आयु सीमा के बाद दिव्यांग होने पर लाभ नहीं मिलता था। इसे देखते हुए अब आयु सीमा के बंधन को समाप्त किया जा रहा है। इसी तरह आश्रित बेटी को 25 वर्ष की आयु तक परिवार पेंशन की पात्रता नियमों में दी गई है, लेकिन विधवा, तलाकशुदा या परित्यक्ता के लिए कोई प्रविधान नहीं है। जबकि, केंद्र सरकार नियमों में संशोधन कर चुकी है।

अब प्रदेश सरकार भी आश्रित विधवा, तलाकशुदा या परित्यक्ता को परिवार पेंशन के दायरे में लाने जा रही है। साथ ही यह भी प्रविधान किया जा रहा है कि उसी वसूली प्रकरण में पेंशन से राशि काटी जा सकती है, जिसकी सूचना सेवानिवृत्ति से पहले दी गई हो। इसके बाद यदि कोई वसूली निकलती है तो पेंशन से राशि नहीं ली जा सकेगी।

पेंशन प्रकरण कर्मचारी सेवानिवृत्ति के पहले स्वयं तैयार करेगा। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारी आयोग ने पेंशन नियम 1976 में संशोधन का प्रारूप तैयार कर लिया है। अब इसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपा जाएगा। उनकी अनुमति मिलते ही कैबिनेट में प्रस्तुत करके अंतिम निर्णय हो जाएगा।



# मप्र में ग्लोबल वार्मिंग से 4 डिग्री तक बढ़ा टेंप्रेचर

**भोपाल, यशभारत।** ठंड अब शुरू हो चुकी है, लेकिन कड़ाके की ठंड के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण हो रहा है। इसी कारण मौसम के पैटर्न में भी बदलाव आया है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो भले ही बारिश की विदाई देरी से हुई, लेकिन ठंड के दिन अब कम होते जा रहे हैं। इसका असर खेती पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। सर्दियों में भी तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। गर्मियों की बात करें, तो औसत तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, गर्मी के दिन भी बढ़ गए हैं। यह बात भोपाल के इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइसर) में गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सामने आई। मध्यप्रदेश में हो रहे जलवायु परिवर्तन के बारे में मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर पंकज कुमार और डॉक्टर गौरव तिवारी ने विस्तार से बताया।

**सर्दी के दिन भी लगातार कम हो रहे; मौसम एक्सपर्ट से जानिए- दूसरे सीजन का हाल**

### 1970 के बाद से तेजी से तापमान में बढ़ोतरी

मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर पंकज कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव होना सामान्य है, लेकिन जलवायु में परिवर्तन होना ग्लोबल वॉर्मिंग का साफ संदेश है। यही चिंता की बात है। अभी तक सबसे ज्यादा गर्मी, सबसे ज्यादा बारिश और सबसे कम तापमान सामान्य तौर पर सामान्य के आसपास रहते थे, लेकिन 1970 के बाद इनमें तेजी से बढ़ोतरी हुई है। यह स्ट्रीम स्तर पर यह घटनाएं ज्यादा बढ़ गई हैं। उदाहरण के तौर पर पहले बादल फटने (एक घंटे में एक ही जगह पर 4 इंच बारिश) की घटनाएं साल में एक बार होती थीं। यह भी हिमालय के क्षेत्रों में होती थीं, लेकिन अब यह शहरी क्षेत्रों में ज्यादा ब? गई हैं। इतना ही नहीं एक मानसून सीजन में यह 3 से चार बार होने लगी हैं।

### ठंड में औसत तापमान 4 से 6 डिग्री बढ़ा

मध्यप्रदेश में पहले अक्टूबर से ठंड शुरू हो जाती थी। अब यह घटकर दिसंबर और जनवरी में सिमटकर रह गई है। पहले चार महीने की मध्यप्रदेश का ठंड में औसत तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक रहता था, लेकिन अब यह 12 से 14 डिग्री सेल्सियस हो गया है। कोल्ड डेज भी 50 से घटकर 35 दिन रह गए हैं।असर ̄इसके कारण रबी की प्रमुख फसल गेहूं, जौ, मटर, चना और सरसों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। अब इन फसल की बोवनी नवंबर में होने लगी है। इससे फसल चक्र पर आने वाले समय में ज्यादा प्रभाव पड़ेगा।

### गर्मी के दिन 4 से अब 6 महीने हो गए

मध्यप्रदेश में पहले अप्रैल के बाद गर्मी होना शुरू होती थी, लेकिन बीते 30 साल से यह मार्च में ही शुरू होने लगी है। अब यह अगस्त तक खिंचने लगी है। चार महीने की गर्मी 6 महीने की हो गई है। पहले लू के दिन 30 से 40 दिन के होते थे। यह सामान्य तौर पर 2 बजे से 5-6 बजे तक चलती थी, लेकिन अब दोपहर 12 बजे से ही लू चलना शुरू होने लगी है।

# एजेंटों के जरिए पालिसी बिकवाकर कमाया तगड़ा कमीशन

## बीमा कंपनी के अधिकारी को तीन साल का कारावास

**भोपाल. यशभारत।** सीबीआई न्यायालय भोपाल के विशेष न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार शर्मा ने गुरुवार को एक बड़े फैसले में न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मंडीदीप शाखा के विकास अधिकारी संजीव यादव को विभिन्न धाराओं में दोषी मानते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास व छह हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में अन्य आरोपित गण ममता गुप्ता व नितिन सक्सेना को धारा 120 बी भारतीय दण्ड संहिता की सहपठित धारा 420, 467, 467, 471 भारतीय दण्ड संहिता के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न भन्डारण स्थानों पर खुले में अनाज का भंडारण किया जाना था। मार्कफेड के द्वारा वर्ष 2011 में अनाज की सुरक्षा के लिए बीमा करवाने के निविदाएं आमंत्रित की गई। इस निविदा में अन्य शर्तों के साथ एक शर्त यह भी थी कि बीमा कंपनी की ओर से कोई एजेंट, सब-एजेंट, दलाल या मध्यस्थ भाग नहीं ले सकता, परंतु सीबीआइ ने अनुसंधान के उपरांत यह पाया कि आरोपीगण संजीव कुमार यादव विकास अधिकारी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मण्डीदीप शाखा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य आरोपीगण ममता गुप्ता व नितिन सक्सेना के साथ आपराधिक षडयंत्र किया और मार्कफेड की बीमा पॉलिसियों में कूटरचना की और उन्हें असली के रूप काम में लाते हुए धोखाधड़ी की और मार्कफेड की बीमा पालिसियों में कमीशन प्राप्त किया, जिसकी राशि लगभग 27 लाख 46 हजार 616 रुपये थी।

# 12वीं के छात्र ने फांसी लगाई कारणों की तलाश में जुटी पुलिस

**भोपाल, ईएमएस। ।** कोलार के ग्राम सलैया में रहने वाले 12वीं के एक छात्र ने फांसी लगा ली। उसने किन कारणों से ऐसा कदम उठाया, पुलिस उसकी जानकारी जुटा रही है। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच के लिए पुलिस ने छात्र का मोबाइल जब्त कर लिया है।पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय



हिमांशु के पिता मुकेश ललिता नगर में होम डेकोरेशन की दुकान चलाते हैं। उनके दो बेटों में हिमांशु छोटा था। मुकेश ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे हिमांशु के साथ खाना खाया था। बाद में हिमांशु अपने कमरे में सोने चला गया था। बाद में डेढ़ बजे मुकेश लघुशंका के लिए उठे तो देखा कि हिमांशु के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसा कभी होता नहीं था, जब उनको कुछ शंका हुई तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा अंदर से बंद था। बाद में मुकेश ने पत्नी को जगाया और दरवाजा के दूसरी चाबी से दरवाजा खोला तो अंदर हिमांशु फांसी पर लटका था। बाद में मुकेश ने पड़ोसियों को घटना के बारे में बताया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जांच के दौरान हिमांशु के कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं कि आखिर उसने यह कदम क्यों उठाया उधर, बिलखिरिया इलाके में किराना की दुकान संचालित करने वाले अमन सिंह (22) पिता किशन सिंह ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

# कमाल की पुलिस :गिरफ्तारी के बाद जो आरोपी दिखाए वह जेल में

## शिनाख्ती परेड में बदल गए

**भोपाल, यशभारत।** शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे एक परिवार को रात में लूट लिया गया। परिजन ने रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पीड़ित परिवार को थाने पर उनका चेहरा भी दिखाया। लेकिन जब ट्रायल शुरू हुआ तो जेल में आरोपियों को दिखाया, लेकिन पीड़ित परिवार के सदस्य उन्हें पहचान ही नहीं सके। उन्होंने बयान में कहा कि जो चेहरे शिनाख्ती परेड में दिखाए गए, वह लूट के वक्त नहीं थे। कोर्ट ने जांच अधिकारी की कहानी को भी विश्वास योग्य नहीं माना। अधिवक्ता प्रवीण रावल के मुताबिक 20वें अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया की कोर्ट के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई। 12 मई 2013 की रात को जुगलकिशोर, कांतादेवी और मांगीदेवी दुधिया से इंदौर आ रहे थे। उनकी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए कुछ लोग उतरे और नकदी, जेवर लूट लिए। परिजन ने खुड़ैल थाने में रिपोर्ट लिखवाई।

पुलिस ने कुछ दिन बाद संतोष मीणा, शंकर चौहान नामक व्यक्ति को लूट के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। परिजन को थाने पर उनका चेहरा भी दिखाया।

## एलएचबी रैक के साथ चलेगी अमरकंटक, बढ़ जाएंगी 214 सीटें, रफ्तार में भी इजाफा

**भोपाल, ईएमएस।** दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस (12853/12854) को पहली बार जर्मन टेक्नोलॉजी के 22 कोच वाले लिंक हॉफमैन बोश (एलएचबी) रैक से चलाया जाएगा। इससे इस ट्रेन में एसी सहित स्लीपर व अन्य श्रेणी में दोनों ओर से कुल 428 सीटें बढ़ जाएंगी। ऐसा होने के बाद वेटिंग में रहने वाले यात्रियों को आसानी से रिजर्वेशन मिल सकेंगे। एलएचबी रैक जुड़ जाने से स्लीपर श्रेणी के 14 कोच में 72 से बढ़कर 83 सीट हो जाएंगी। जबकि एसी-3 श्रेणी के 5 कोच में 64 से बढ़कर 72 बर्थ होंगी। इसी तरह एसी-2 श्रेणी के कोच में 46 से बढ़कर 51 बर्थ हो जाएंगी। दो जनरल कोच में 85 से बढ़कर 95 सीटें हो जाएंगी।

# समान नागरिक संहिता को लेकर सीएम शिवराज का बड़ा एलान, कहा- MP में बनाएंगे कमेटी

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़वानी जिले के ग्राम चाचरिया में बड़ा बयान दिया है। गुरुवार को पेसा जागरूकता कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता को लेकर मध्यप्रदेश में कमेटी बनाने की बात कही। वहीं, सीएम ने कार्यक्रम में मंच से प्रधानमंत्री आवास को लेकर मिली शिकायतों पर सेंधवा जनपद सीईओ को सस्पेंड कर दिया।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कई बार बड़े खेल हो जाते हैं। खुद जमीन नहीं ले सकते तो किसी आदिवासी के नाम से जमीन ले ली। कई बदमाश ऐसे भी आ गए, जो आदिवासी बेटी से शादी करके जमीन उसके नाम से ले लेते हैं। आज मैं जागरण की अलख जगाने आया हूं। सीएम ने कहा कि बेटी से शादी की और जमीन ले ली। मैं तो इस बात का पक्षधर हूं कि भारत में अब समय आ गया है एक समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए। एक से ज्यादा शादी क्यों करे कोई। एक देश में दो विधान क्यों चले, एक ही होना चाहिए। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी मैं कमेटी बना रहा हूं। समान नागरिक संहिता एक पत्नी रखने का अधिकार है तो एक ही पत्नी सबके लिए होनी चाहिए।



### सीएम आदिवासी वेशभूषा में नजर आए

कार्यक्रम में सीएम आदिवासी वेशभूषा में नजर आए। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट शहरों में लागू नहीं होगा। प्रदेश के हमारे अनुसूचित जनजाति वर्ग के भाई बहन जो विकास में पीछे रहे गए हैं। पेसा एक्ट उनको मजबूत बनाएगा। सीएम ने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर सभी का अधिकार है। पेसा एक्ट के तहत अब पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड को गांव की जमीन का नक्शा, खसरा, बी-1 नकल ग्राम सभा को दिखाना होगा, जिससे जमीन के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी न हो सके। सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी पर सेंधवा जनपद सीईओ राजेंद्र दीक्षित को सस्पेंड कर दिया।



Demo Pic

# विंटर शेड्यूल में शामिल उड़ानें एक माह बाद भी शुरू नहीं हो सकीं

**भोपाल यशभारत।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अनुमति मिलने के बाद भी भोपाल से कुछ बड़े शहरों की उड़ानें शुरू नहीं हो पा रही हैं। इस बार जाड़ा सारणी (विंटर शेडयूल) में शामिल की गई कोलकाता एवं गोवा उड़ान अभी तक प्रारंभ नहीं हो सकी है। एयर इंडिया की पुणे उड़ान के लिए भी अभी यात्रियों को इंतजार करना होगा।30 अक्टूबर से लागू हुए सर्दियों की समय सारणी में इंडिगो की उदयपुर उड़ान ही शुरू हो सकी है। यह उड़ान भी रायपुर उड़ान के फेरे कम करके शुरू की गई है। अब रायपुर उड़ान सप्ताह में चार दिन एवं उदयपुर उड़ान तीन दिन संचालित हो रही है। तीन साल पहले बंद की गई कोलकाता एवं लखनऊ उड़ान फिर से प्रारंभ करने की जरूरत महसूस की जा रही है, लेकिन कंपनी अभी तक निर्णय नहीं ले सकी। कोराना काल से पहले इंडिगो ने नागपुर उड़ान भी विंटर शेड्यूल में शामिल की थी, लेकिन यह उड़ान कभी शुरू ही नहीं हो सकी। इस साल का विंटर शेड्यूल लागू हुए एक माह हो चुका है। इस अवधि में कोई भी नई उड़ान शुरू करने के बजाय इंडिगो ने अपनी दिल्ली एवं मुंबई उड़ान के फेरे अस्थाई रूप से कम कर दिए हैं। बेंगलुरू उड़ान भी कई बार निरस्त की गई है।

**भोपाल-पुणे उड़ान के लिए और इंतजार**

# निजी विश्वविद्यालयों की मनमानी : विद्यार्थियों को दिए जा रहे मनमाने अंक, दो पर पड़ चुका है छापा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में संचालित निजी विश्वविद्यालयों द्वारा रेवड़ी की तरह बांटी गई डिग्रियों से बिहार, तेलंगाना सहित कई राज्यों की भर्ती एजेंसियां परेशान हैं। इनकी डिग्रियों पर बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने सवाल भी उठाए हैं। बिहार में कनिष्ठ अभियंताओं की भर्ती प्रक्रिया के दौरान निजी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को दिए गए मनमाने अंकों का मामला सामने आया था। वहां के भर्ती आयोग ने बिहार सरकार के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर इस बात की सूचना भी दी कि मध्य प्रदेश सहित कुछ राज्यों के निजी विश्वविद्यालयों की मान्यता और उनके दिए प्रमाण पत्रों की जांच कर आयोग को सूचित किया जाए। बता दें, मध्य प्रदेश में 41 निजी विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। ये शिकायतें भी मिली कि कई निजी विश्वविद्यालय चार वर्ष के पाठ्यक्रम की डिग्री एक महीने में प्रदान कर देते हैं। इस तरह की एक शिकायत के आधार पर तेलंगाना पुलिस ने एसआरके यूनिवर्सिटी, भोपाल और स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर में छापा मारा था। इन विश्वविद्यालयों द्वारा छात्रों का पंजीयन, उनकी फीस जमा करने की तिथि की सूचना निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग को अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए लेकिन इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

# भोपाल में लोकार्पण के इंतजार में धूल खा रही 18 लाख की 50 ई- बाइक्स

**भोपाल यशभारत। राजधानी भोपाल की सड़कों पर चार्टड बाइक के बाद अब ई-बाइक्स दौड़ेगी। शहर में 50 बाइक आ भी गई है, लेकिन अलग-अलग कारणों से अब तक ई-बाइक की सेवा जनता को नहीं मिल पा रही है। पहले लोकार्पण के लिए प्रदेश के मुख्या का स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को समय नहीं मिलने का कारण बताया गया।**

अब 100 बाइक से शुभारंभ करने की बात कहीं जा रही है। यहीं कारण है कि 50 बाइक दो महीने आईएसबीटी में धूल खां रही है। वहीं, हकीकत यह है कि ई बाइक्स के संचालन के लिए अब तक ना तो स्टेशन पाइंट्स बने है और ना ही इनका किराया तय हुआ है। वहीं, जिम्मेदारों का कहना है कि एक से डेढ़ महीने से पूरी व्यवस्था कर ली गई है।

**अब तक स्टैंड भी नहीं बनें**

### ई-बाइक्स की खासियत

ई-बाइक्स एक बार में 50 किमी तक चल सकेंगी। इसकी बैटरी की स्वैपिंग करके भी चार्ज किया जा सकेगा। इन ई-बाइक्स को मोबाइल एप के जरिए ही लॉक और अनलॉक किया जा सकेगा। ई-बाइक्स का स्टैंड बोट क्लब पर बनना है। इसके अलावा दूसरे चरण में पैडल से चलने वाली भी ई-बाइक आएंगी।

### चार्टर्ड बाइक सेवा चल रही

शहर में अभी चार्टर्ड बाइक सेवा चल रही है। इसके लिए अलग-अलग जगह 100 स्टैंड बने हुए है। जहां 500 चार्टर्ड बाइक रखी हुई है। इन स्टैंड से कोई भी व्यक्ति मोबाइल एप से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करके 5 रुपए में 30 मिनट के लिए चार्टर्ड बाइक ले सकता है। इसके लिए चार्टर्ड बाइक एप से रजिस्ट्रेशन होता है।

### 100 बाइक के साथ शुरू करेंगे सुविधा

भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने कहा कि 50 बाइक आ गई है। 50 और बाइक आनी है। इसके बाद एक साथ 100 बाइक से सेवा को शुरू किया जाएगा। इसके क्रियान्वयन के लिए स्टैंड निर्माण समेत अन्य काम चल रहा है।

## भोपाल में सर्द हवाओं ने फिर बढ़ाई सिहरन, लुढ़का पारा

**भोपाल ईएमएस।** दो दिन से हवाओं के बदले रुख ने राजधानी सहित मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में मौसम का मिजाज बदल दिया था, जिसके चलते रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी थी। उधर बुधवार रात से राजधानी में एक बार फिर उत्तरी हो गया है। करीब 15 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही सर्द हवा के कारण वातावरण में फिर सिहरन बढ़ गई है। इसी क्रम में गुरुवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बुधवार के न्यूनतम तापमान की तुलना में 0.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवाओं का रुख बारङ्कबार बदलने एवं पूर्वी हवा चलने के कारण तापमान बढ़ने लगा था।

## आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र

# राहुल गांधी की यात्रा में उठाए मुद्दों पर आधारित होगा

**भोपाल, ईएमएस।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र बनना शुरू हो गया है। इसमें उन मुद्दों को शामिल किया जाएगा, जो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उठाए गए हैं। गुरुवार को उज्जैन से शुरू हुई यात्रा 13 किलोमीटर दूर नजरपुर पहुंची। यहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश और तरुण भनोट ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस चुनाव की तैयारी में लगी है।यात्रा के बाद राहुल गांधी फिर मध्यप्रदेश आएंगे तथा सभी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। भनोट ने कहा कि किसानों, आउटसोर्स कर्मचारियों, शिक्षकों सभी के मुद्दे मध्यप्रदेश के संकल्प पत्र में शामिल किए जा रहे हैं। संकल्प पत्र बनना शुरू हो गया है। जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी की बात लोगों के जहन में उतर गई है। मालवा में आकर यात्रियों का हौसला बढ़ा है। खासकर इंदौर और उज्जैन में राहुल गांधी के भाषण ने लोगों को प्रभावित किया है। उन्होंने किसानों और मजदूरों को असली तपस्वी कहा, जिनकी अनदेखी सरकार कर रही है। मध्यप्रदेश में बेरोजगारी, महिला अत्याचार तेजी से बड़ा है। लोगों की आस अब राहुल गांधी से है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार पर 3.5 लाख करोड़ का कर्ज है। यह पैसा कहां गया। हम विधानसभा में मांग करेंगे सरकार इस पर श्वेत पत्र लाए। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया मंत्री पद और बंगले के लिए भाजपा में गए हैं। बाकी सब बातें तो बहाना है। प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण भारत टूट रहा है लेकिन कांग्रेस टूटने नहीं देगी। इसलिए राहुल गांधी भारत जो?ो यात्रा कर रहे हैं। जयराम रमेश ने बताया 4 दिसंबर को यात्रा मध्यप्रदेश से राजस्थान में प्रवेश करेगी।

## नर्मदा एक्सप्रेस में स्लीपर अस्थाई कोच की अवधि एक माह के लिए पुन: बढ़ाई

**जबलपुर यशभारत।** यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूची क्लीयर करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे है। इसी कड़ी पश्चिम मध्य रेल से जबलपुर से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस में अस्थाई तौर पर लगाये जा रहे एक शयनयान श्रेणी कोच की अवधि एक माह के लिए पुनः ब?ाई गई है। यह कोच गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर से दिनांक 01.12.2022 से 31.12.2022 तक तथा गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन इंदौर से दिनांक 02.12.2022 से 01.01.2023 तक एक शयनयान श्रेणी का अस्थाई कोच की अवधि बढ़ाई जा रही है।

# पाँचवीं राज्य रैली का सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ हुआ समापन



**जबलपुर यशभारत।** रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित पमरे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पाँचवीं राज्य रैली के अंतिम दिन सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ रैली का विधिवत समापन हो गया। इसके पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त विजय कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में ग्रैंड कैंपफायर का धूमधाम से आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों से आये स्काउट एवं गाइड ने एक से ब?कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील ने सभी बच्चों को जबलपुर मंडल की ओर उपहार प्रदान किये तथा उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी तथा भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में मंडल की ओर से पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर पमरे मुख्यालय महिला कल्याण संगठन की सदस्या वैशाली गुप्ता, जबलपुर मंडल की महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा श्रीमती गुरमीत कौर एवं मंडल की महिला कल्याण संगठन की सदस्या श्रीमती अंजुलता विश्वकर्मा और जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, राज्य सचिव एवं उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा सुवीर श्रीवास्तव, जिला आयुक्त/स्काउट वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा एवं मुख्यालय आयुक्त/कब्स नितेश सोने प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल बनाने में सहायक राज्य आयुक्त/स्काउट, राज्य संगठन आयुक्त/स्काउट, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त/गाइड, राज्य क्वार्टर मास्टर, रोवर लीडर, जिला सचिव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पमरे मुख्यालय के लेखा विभाग द्वारा भारतीय रेल लेखा सेवा दिवस मनाया

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय के लेखा विभाग ने महाप्रबंधक कान्फ्रेस हॉल में लेखा अधिकारी सम्मेलन का आयोजन किया और भारतीय रेल लेखा सेवा (आइआरएएस) दिवस मनाया गया। पमरे प्रधान वित्त सलाहकार श्री कार्तिक चौहान की अध्यक्षता में यह सम्मेलन सपन्न हुआ। इस सम्मेलन में वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (वित्त एवं बजट) श्रीमती दीपा चावला द्वारा पमरे की सभी इकाइयों की व्यय एवं आय की स्थिति पर चर्चा की गयी। आईआरएएस दिवस के सम्मेलन में वरिष्ठ आईआरएएस अधिकारी श्रीमती अनुराधा मुखेडकर, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (निमार्ण) डॉ. नवल किशोर श्रीवास्तव, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (गतिशक्ति) अजित रघुवंशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (यातायात) दीपक खैरहा और अपर मंडल रेल प्रबंधक कोटा मनोज कुमार जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में चार्टर एकांउटेंट धवल श्रीवास्तव ने जीएसटी पर चर्चा की और सहायक महाप्रबंधक स्टेट बैंक ऑ? इंडिया सूदीप मुसरे ने अपने टीम के साथ भारतीय रेलवे के कामकाज में भारतीय स्टेट बैंक के महत्व के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में तीनों मण्डलों के लेखा विभाग के अधिकारी एवं रेल कर्मियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता के निवास पर सुंदरकांड सम्पन्न



**जबलपुर, यशभारत।** तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस जो कि जबलपुर में दिनाँक 6,7 एवं 8 जनवरी 2023 को मानस भवन जबलपुर में होना है की सफलता हेतू 10000 सुंदरकांड पाठ का लक्ष्य रखा गया है इसके तहत भारत वर्ष ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सुंदरकांड पाठ आयोजित किए जा रहे हैं इसी कड़ी में वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस के सचिव डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता जी के निवास पर सबसे पहले पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी,मैत्रैय दीदी,पंडित अरूण शर्मा, पंडित अशोक मनोध्याय, विनोद दुबे,डॉक्टर गोविंद नेमा,साध्वी मनीषा दीदी ने देव आव्हान कर तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस की सफलता हेतू भगवान का पूजन कर सफलता हेतू प्रार्थना की।तदोपरांत नेमा समाज मानस मंडल के राजेंद्र नेमा,महेश नेमा,राजेश नेमा, ने सुंदरकांड पाठ का सस्वर संगीत के साथ पाठ किया।इस अवसर पर एडवोकेट रविरंजनजी, पंकज गौर जी,रमाशंकर कटारे, कमल ग्रोवर, भूपेन्द्र उपाध्याय, भोलाराम खत्री,कैलाश नेमा,एडवोकेट आनंद गुप्ता, गुलशन माखिजा,प्रवीण नेमा,डाक्टर अनीता दुबे,शोभा फौजदार सहित लगभग 100 रामभक्तों ने सुंदरकांड पाठ किया।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ शोभायात्रा निकाली गई



**जबलपुर, यशभारत।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ मंगल कलश शोभायात्रा श्री प्राचीन शिव कल्याण मंदिर गढ़ाफाटक से ब्रम्हचेतना के संस्थापक महंत योगी राजेश महाराज के नेतृत्व में निकाली गई, जो कि गढ़ाफाटक से लोहिया पुल व कछियाना साहू मोहल्ला, दत्त मंदिर गोलबाजार से होते हुए श्री दसमुखी माता महाकाली मठ, कछियाना चौक में शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा का जगह-जगह भक्तजनों ने स्वागत मिली। 7 दिवसीय कथा 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलेगी, अंतिम दिन हवन पूजन एवं भंडारे का वितरण किया जाएगा।कथा वाचन महंत श्री योगी राजेश महाराज के द्वारा मुखारविद से किया जाएगा। शोभायात्रा में उत्तर मध्य क्षेत्र विधायका श्रीमति प्रीति सक्सेना, रोहित नेमा, अतुल सोनी, अक्षत पटेल, जगजीत तिवारी, मनमोहन महाराज, समाजसेवी शैलेंद्र गुप्ता, नरेंद्र मोहन, शुभम जायसवाल, सत्यम यादव, अनिल शर्मा, निशांत रिसकर, गुंजा सराफ, दिव्या गुप्ता, सुषमा पटेल आदि मातृशक्ति शामिल रही।

# पनागर पड़रिया रोड के उड़े परखच्चे



**पनागर, यशभारत।** कुछ दिनों पहले ही पड़ाव चौराहा से प्रमोद पटेल पार्षद के मकान तक रोड का निर्माण कराया गया था परंतु कुछ दिनों में ही रोड के परखच्चे उड़ गये जगह जगह बड़े बड़े गडढे हो गये और जो रोड के दोनों ओर फुटपाथ बनाया गया था वह भी जगह जगह से उजड़ गया है । उक्त रोड एक बरसात भी नहीं झेल पाई और रोड की सांसे फूल गई इस रोड को बड़ी ही जद्दोजहद से बनाया गया था और पहले डामर रोड बनने वाली थी लेकिन गुणवत्ता को देखते हुये क्षेत्रवासियों की मांग पर सी.सी. रोड बनाया गया । वर्तमान में रोड की दुर्दशा को देख कर प्रतीत होता है कि रोड निर्माण में भयंकर भ्रष्टाचार किया गया है अभी भी रोड गारंटी पीरियड में है प्रशासन संबंधित निर्माण विभाग ध्यान दे तो रोड बनाने वाले ठेकेदार पर नियमानुसार कार्यवाही करके रोड सुधरवा सकती है लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है । इस रोड से कई जनप्रतिनिधियों का आना जाना लगा रहता है स्वयं वार्ड पार्षद का घर इस रोड पर पड़ता है लेकिन वे भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारी देखना ही नहीं चाहते हैं क्योंकि रोड निर्माण में उनकी भी जेबें गरम हुई होंगी तो वे भी अपना कर्त्तव्य ठेकेदार के प्रति निश्चित ही दिखाऐंगे।

भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन पनागर के नितिन गौतम, जगदीश प्रसाद सोनी, शैलेन्द्र ताम्रकार, शीतल खत्री, शान्तनु तिवारी एडवोकेट, सुनील शर्मा, भालू सेन, जयकुमार सोनी, सुनंदन सराफ, मनीष साहू, शिशिर ठाकुर, आकाश केशरवानी, विजय चौबे, सुशील कुशवाहा, राजू गुप्ता, अखिलेश बर्मन सहित सैकड़ों आमजनता ने कलेक्टर जबलपुर,पीडब्ल्यूडी विभाग, सी.एम.ओ. पनागर, नगर पालिका अध्यक्ष से मांग की है कि शीघ्र ही उक्त नव निर्मित सड़क की दुर्दशा को सुधारा जाये ।

# जे पी गैस एजेंसी की घर घर दस्तक

## गैस उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर की एकमात्र गैस एजेंसी जो विगत कई वर्षों से गोटेगांव नगर एवं गोटेगांव से सटे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है उस एजेंसी के संचालक नीरज मिश्रा के निर्देशन पर एजेंसी के व्यवस्थापक अभय राय के मार्गदर्शन में प्रीति ठाकुर सुनील पाठक एवं कुमार राय सहित गैस एजेंसी के अनेक कर्मचारी घर-घर दस्तक देकर गैस उपभोक्ताओं को एवं नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को भारत गैस की व्हाट्सएप पर बुकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक कर रहे हैं ताकि गैस बुकिंग करने में आम उपभोक्ताओं को कोई मुसीबत का सामना ना करना पड़े इसलिए जेपी गैस एजेंसी व्हाट्सएप पर एवं बुकिंग करने के विषय पर सभी को जानकारियां उपलब्ध करा रही है गैस एजेंसी द्वारा चलाए जा रहे नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इस जागरूकता अभियान की हर तरफ प्रशंसा की जा रही है इस बारे में जानकारी मिलने पर बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर बुक करने के लिए गैस उपभोक्ताओं को गैस कंपनियां क्या-क्या सहायता दे रही हैं और किस नंबर पर और व्हाट्सएप पर आम जनता गैस उपभोक्ता अपनी गैस सिलेंडर को बुक कर सकते हैं।

## क्रमिक धरने के तीसरे दिन मिला वार्ता का न्यौता ,चर्चा जारी

### खमरिया में विभिन्न मांगों को लेकर तीनों यूनियन का आंदोलन



**जबलपुर यशभारत।** उत्पादन लक्ष्य पूरा करने के लिए साप्ताहिक घंटे बढ़ाने काम के दौरान संरक्षा की मांग और कर्मचारी विरोधी विभिन्न आदेशों को रद्द करने की मांग को लेकर खमरिया की संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर लेबर यूनियन ,कामगार यूनियन, एस सी/एस टी यूनियन द्वारा खमरिया प्रशासन के खिलाफ गेट नंबर एक पर जारी क्रमिक धरने के तीसरे दिन प्रबंधन द्वारा आंदोलन रत यूनियनों को पुनःचर्चा के लिए सुबह पौने नौ बजे बुलाया है।इसके पहले30नवंबर को भी प्रबंधन ने चर्चा के लिए बुलााया था।जिसमें मात्र इंटक यूनियन ने हिस्सा लिया था बाकी तीनों यूनियनों ने चर्चा का बहिष्कार कर दिया था। संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रशासन से यह मांग की कि जल्द से जल्द इस अवरोध को समाप्त किया जाए बहरहाल सुबह9 बजे से प्र शासन के साथ यूनियनों से चर्चा जारी है।

## यातायात व्यवस्था सुधारने थाना प्रभारी से मिला ऑटो यूनियन



**पनागर, यशभारत।** नगर की यातायात व्यवस्था एवं ऑटो को लेकर संबंधित पनागर थाना प्रभारी से ऑटो यूनियन के सभी सदस्यों के साथ चर्चा की ऑटो यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान, सलीम खान चूहा,युनिस मंसूरी, संतोष प्रजापति,सलीम खान, भार्गव गुन्नू राय,शंकर गोस्वामी सहित अन्य जनों ने नगर की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुधारने की चर्चा की गई।

# सामूहिक आदर्श विवाह सम्मलेन हेतु उंचेहरा स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

**जबलपुर यशभारत।** एक वृहद सामाजिक समारोह में बड़ी संख्या में सम्मिलित होने वाले लोगों की मांग पर उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने चार जोड़ी रेलगाड़ियों का उंचेहरा स्टेशन पर अस्थाई तौर से ठहराव देने का निर्णय लिया है। इस सामूहिक विवाह सम्मलेन के दौरान दिनांक 01 दिसंबर से 06 दिसंबर 2022 तक पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट और गुजरने वाली *चार जोड़ी रेलगाड़ियां महाकौशल, चित्रकूट, सारनाथ एवं बिलासपुर–रीवा–बिलासपुर ट्रेन*को उंचेहरा स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है।

1) गाड़ी संख्या 12189 जबलपुर–निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20-20/20-22 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 12190 निजामुद्दीन–जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 05-18/05-20 बजे रहेगा।

2) गाड़ी संख्या 15205 लखनऊ–जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 02-23/02-25 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 15206 जबलपुर–लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 23-18/23-20 बजे रहेगा।

3) गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03-48/03-50 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 18248 रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 23-33/23-35 बजे रहेगा।

4) गाड़ी संख्या 15159 छपरा–दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 19-13/19-15 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 07-18/07-20 बजे रहेगा।

# 65वीं नेशनल चैंपियनशिप में गन फॉर ग्लोरी के राइफल शूटर्स का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** वट्टियूरक्कावु शूटिंग रेंज,तिरुवनंतपुरम, केरला में चल रही 65वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग के राइफल में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर के राइफल शूटर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते व्यक्तिगत एवं टीम इवेंट में पदक जीते। अजय मालिक ने 10 मीटर सीनियर पुरुष टीम इवेंट में कांस्य, जूनियर पुरूष टीम में रजत, जूनियर पुरुष टीम सिविलियन में रजत, यूथ पुरूष टीम में रजत, यूथ पुरुष टीम सिविलियन में रजत, जूनियर पुरुष टीम में कांस्य एवं युथ पुरुष टीम इवेंट में कांस्य पदक जीते । राइफल शूटर सत्यार्थ पटेल ने 10 मीटर सीनियर टीम सिविलियन इवेंट में कांस्य, ऋषव घोष ने राइफल यूथ पुरुष टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता। मिक्स्ड टीम इवेंट में डारियस सौराष्ट्री ने रजत ,श्रेया अग्रवाल ने रजत, सत्यार्थ एवं गौतमी ने कांस्य जीता। इस 65वीं नेशनल चैंपियनशिप में अब तक अकादमी के 7 शूटर्स ने 13 मैडल जीते हैं जिनमें से उत्तर प्रदेश के 7 मैडल , वेस्ट बंगाल का 1, कर्नाटक का 1 एवं मध्य प्रदेश के 4 मैडल जीते। ज्ञात हो की अजय मालिक उत्तर प्रदेश के शूटर हैं एवं गन फॉर ग्लोरी के महत्वकांक्षी ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रोजेक्ट लीप का हिस्सा हैं , ऋषव घोष वेस्ट बंगाल के शूटर हैं एवं डारियस सौराष्ट्री कर्नाटका के शूटर हैं जो कि गन फॉर ग्लोरी जबलपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विदित हो की ये सभी शूटर्स अंतर्राष्ट्रीय कोच निशांत नथवानी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



GAUTAMI BHANOT



SHREYA AGRAWAL



DARIUS SAURASHTRI



RISHAV GHOSH



SATYARTH PATEL



AJAY MALIK

## श्री बांगा, सेवा सम्मान से अलंकृत, मनमोहन अध्यक्ष बने



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा प्रेम नगर में सिख सेवक जत्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष सरदार गजेंद्र सिंह बंगा, अमरजीत सिंह तलूजा , महेंद्र सिंह खनूजा एवं मरणोपरांत स्वर्गीय ज्ञान सिंह आहूजा एवं स्वर्गीय महेंद्र सिंह तलूजा को सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। इन्हें अभिनंदन पत्र शाल एवं सिरोपा प्रदान किया गया । ज्ञात हो कि सिख सेवक जत्था विगत 62 वर्षों से राष्ट्रीयस्तर के विश्वविख्यात रागी जत्थे ,प्रचारक ,कविगण एवं आर्टिस्ट आदि बुलाकर संस्कारधानी में श्री गुरु तेग बहादुर जी शहीदी दिवस का आयोजन लगातार करता चला आ रहा है । इस मौके पर श्री बांगा ने युवा पीढ़ी हेतु अपने पद का त्याग किया एवं मनमोहन सिंह सलूजा को प्रधान एवं अवतार बांगा व रविंद्र सिंह चाना को उपाध्यक्ष, मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की को महासचिव परमजीत सिंह छाबड़ा को सह सचिव तथा रविंदर सिंह दुआ को कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह आहूजा को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया ।

## हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने शुरू किया नव वर्ष उत्सव

### पेट्रोल भरने पर लकी विजेताओं को मिलेंगे पुरुस्कार ,एनर्जी ड्रिंक मुफ्त




**जबलपुर, यशभारत।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम के चुनिंदा पेट्रोल पंप पर आज 1 दिसंबर से नव वर्ष उत्सव कैंपेन की शुरुआत की गई। इस कैंपेन की शुरुआत एचपीसीएल रिटेल जबलपुर के क्षेत्रीय प्रमुख , प्रवीण कुमार , कंपनी के अधिकारी गण एवं एचपीसीएल के डीलर्स द्वारा की गई। यहां 2 पहिया वाहन ग्राहकों को 100 ह्म्ह्म द्मड्डु पावर पेट्रोल या 200 रुपए का सादा पेट्रोल व 4 पहिया वाहन ग्राहकों को 500 रुपए का पावर पेट्रोल या 1000 रुपए का सादा पेट्रोल डलवाने पर लकी विजेता को पुरुस्कार मिल सकता है । साथ ही प्रत्येक ग्राहक को एक एनर्जी ड्रिंक मुफ्त दी जाएगी। यह कैंपेन 1 दिसंबर 2022 से 15 जनवरी 2023 तक एचपीसीएल के चुनिंदा पेट्रोल पम्प पर चलाया जा रहा है ।लकी विजेताओं का पुरुस्कार वितरण 26 जनवरी को किया जाएगा।

## श्वेता राय (जयसवाल) को पीएचडी की उपाधि



**पनागर, यशभारत।** ग्राम पंचायत फूटाताल निवासी राजकुमार राय एवं श्रीमती अनीता राय की पुत्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरखरी क्रमांक 1, कटनी में व्याख्याता पद पर पदस्थ श्रीमती श्वेता राय (जयसवाल) को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर रानू सिंह (माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर) के मार्गदर्शन में माइक्रोबायोलॉजी विषय के अंतर्गत स्टडी ऑन एंडोफाइटिक फन्जाई इन मेडिसिनल प्लांटस ऑफ कटनी डिस्ट्रिक्ट (एम.पी.)विद स्पेशल रेफरेंस टू फाइलेन्थस अमेरस एण्ड एथेटोडा जेलेनिका विषय पर पूर्ण किया।

**कर्मचारी जगत...**

# बीस साल की सेवा उपरान्त पूर्ण पेंशन की हो पात्रता , अनेक लोक सेवक संवीलियन के कारण हो रहे पेंशन से वंचित

**जबलपुर ,यशभारत।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति ने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में शासकीय सेवकों के लिए जिस प्रकार 20 साल की सेवा में फुल पेंशन की पात्रता है । वह व्यवस्था मप्र में नहीं बन पाई है जबकि मौजूदा वर्ष के फरवरी माह में शासन के कल्याण कक्ष ने जीएडी को पत्र लिखा था संघ सामान्य प्रशासन विभाग से मांग करता है कि उपरोक्त पत्र पर विचार कर शीघ्र कार्यवाही करें ताकि लोक सेवकों को 201 वर्ष की सेवा उपरान्त पूर्ण पेंशन का लाभ मिल सके । वर्तमान में प्रदेश में 33 साल की सेवा को आधार मानते हुए फुल पेंशन की पात्रता दी जा रही है । यदि किसी कर्मचारी की भर्ती 40 साल की उम्र में हुई है तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है । वह 20 साल की सेवा भी कर पायेगा और सेवानिव्रत हो जायेगा । संघ मांग करता है कि भारत सरकार के राज्यपत्र एवं अन्य प्रदेशों के द्वारा पेंशन के लिए 33 वर्ष और सेवा के स्थान पर भारत शासन के कर्मचारियों के समान 20 वर्ष पेंशन के लिए आईता सेवा के आदेश में जारी किए गये हैं । उसी प्रकार म.प्र . में 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पूर्ण पेंशन की आदेश शीघ्र जारी किये जायें । संघ के उदित सिंह भदौरिया , अवैन्द्र राजपूत , आलोक अग्निहोत्री , दुर्गेश पांडे , ब्रजेश मिश्रा परसुराम तिवारी , गौरव शर्मा , योगेन्द्र मिश्रा नीलेश जयसवाल , श्वेता यादव , नीलम मिश्रा , रोहित राजकुमार , दिलराज झारिया , रामकृष्ण तिवारी , सुरेश दाहिया , रितुराज गुप्ता , अमित गौतम , मो . तारीक धीरेन्द्र सोनी , संतोष तिवारी , सतेन्द्र ठाकुर आदि ने माननीय मुख्यमंत्री को ई - मेल कर मांग की है 20 वर्ष की सेवा उपरान्त पूर्ण पेंशन का आदेश शीघ्र जारी किया जावे ।

## कर्मचारियों की लंबित मांगो का निराकरण शीघ्र किया जाए

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि प्रदेष के लाखों कर्मचारियों की समस्याओं और लंबित मांगो के निराकरण हेतु मुख्य मंत्री महोद्य को पत्र लिखकर संगठन के माध्यम से अवगत कराया गया जिससे कर्मचारियों की 20 सूत्रीय मांगो का निराकरण अतिषीघ्र प्रदेष शासन द्वारा किया जा सके। क्योंकि अभी तक देखा जा रहा है कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के मामले में मौन है जिससे कर्मचारियों की समस्याओ का अम्बार लगता जा रहा है यही वजह है कि प्रदेष के लाखों कर्मचारियों मे रोष बना हुआ है साथ ही वे हैरान, परेषान, हताष और हलाकान हैं कि आखिर कब होगा उनकी समस्याओ का निराकरण। संघ ने आगे बताया कि प्रदेष के कर्मचारियों को केन्द्र की तर्ज पर मंहगाई भत्ता दिया जाए। पुरानी पेंषन बहाल की जाए जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पष्चात जीवकोपार्जन हेतु बुढ़ापे का सहारा पेंषन के रूप मे मिल सके। षिक्षकों को पदनाम पदोन्नती दी जाए जो कि अपनी सेवा काल में 40-42 वर्ष सेवा देने के बाद भी एक ही पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। प्रदेष के समस्त विभागों के स्टेनोग्राफरों का वेतनमान एकसमान कर 3600/ ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जाए। संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए क्योंकि वे सभी कार्य नियमित कर्मचारियों की भांती कर रहे हैं अतः उन्हे समान कार्य हेतु समान वेतन और अधिकार दिये जाएं। अतिथि षिक्षकों एवं अतिथि विद्वानों को नियमित किया जाए। प्रदेष के शासकीय सेवकों को 4स्तरीय, 8 वर्ष, 16वर्ष, 24वर्ष, एवं 30 वर्ष समयमान वेतनमान दिया जाए। 25 वर्ष की सेवा पूंर्ण करने वाले शासकीय सेवकों को पूर्ण पेंषन का लाभ दिया जाए, आदि तमाम समस्याओं के अतिषीघ्र निराकरण हेतु मुख्य मंत्री महोद्य से पत्राचार कर मांग की गई है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, दिनेष गौंड़, राकेष श्रीवास, शहीर मुमताज, हेमंत ठाकरे, स्टेनली नॉबर्ट, अफरोज खान, एनोस विक्टर, सतीष त्रिपाठी, राजकुमार यादव, रॉबर्ट फ्रांसिस, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेष के कर्मचारियों की समस्याओं का अतिषीघ्र निराकरण किया जाए।

## गर्म कपड़ों का वितरण प्रारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** टीम आश्रय जबलपुर एवं एम आई सी के संयुक्त तत्वावधान में गर्म कपड़ों का वितरण प्रारंभ हो गया है। टीम आश्रय हमेशा से ही पीड़ित मानवता की सेवा करता आ रहा है। इसी कड़ी में टीम आश्रय ने ये लक्ष्य निर्धारित किया है की पूरे भारत मे 7 लाख से भी अधिक लोगो तक गर्म कपड़े पहुँचाकर उनकी जिंदगी को बचाना है। इस मौके पर टीम आश्रय से समर्थ जैन, अभिषेक शर्मा एवं एम आई सी से हर्ष, शुभम, मनीष, प्रज्ञा आदि ने अपना योगदान दिया।

# सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टॉप-100 एथलीट में विराट कोहली एकमात्र क्रिकेटर

## बास्केटबॉल खिलाड़ी से पिछड़े मेसी-रोनाल्डो



नई दिल्ली, ईएमएस। भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली ने क्रिकेट के मैदान पर अपनी फॉर्म हासिल कर ली है। पिछले कुछ साल से रन बनाने के लिए जूझ रहे कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 में सबसे ज्यादा रन बनाए। भारत भले ही चैंपियन नहीं बना लेकिन कोहली की फॉर्म टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। क्रिकेट के मैदान की तरह ही बाहर भी विराट का जलवा है। स्पोर्टी ने 2022 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टॉप-100 एथलीट की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 24 देश और 10 खेल के खिलाड़ियों ने जगह बनाई है।

### कोहली एकमात्र क्रिकेटर

विराट कोहली सबसे ज्यादा कमाई करने टॉप-100 एथलीट में विराट कोहली एकमात्र क्रिकेटर हैं। वह इस लिस्ट में 61वें स्थान पर हैं। उनकी कुल कमाई 33.9 मिलियन डॉलर यानी 276 करोड़ रुपये है। इसमें 31 मिलियन डॉलर इंडोर्समेंट और 2.9 मिलियन डॉलर सैलरी की कमाई है। पिछले साल वह लिस्ट में 59वें नंबर पर थे। न्यूजीलैंड दौरे पर आराम लेने वाले विराट बांग्लादेश के खिलाफ एक बार फिर से मैदान पर नजर आने वाले हैं।

### महिलाओं में ओसाका नंबर-1

सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला एथीलट में जापान की टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका टॉप पर हैं। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका 53.2 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ ओवरऑल 20वें नंबर पर हैं। 2021 में टॉप पर रहे आयरलैंड के यूएफसी फाइटर कोनोर 22वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### लेब्रोन जेम्स टॉप पर

इस लिस्ट में अमेरिका के बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स टॉप पर हैं। एनबीए में एलए लेकर्स के लिए खेलने वाले जेम्स की पिछले 12 महीनों में कमाई 126.9 मिलियन डॉलर यानी 1032 करोड़ रुपये रही है। अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे लियोनेल मेसी 122 मिलियन डॉलर के साथ दूसरे और क्रिस्टियानो रोनाल्डो 115 मिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर हैं। ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर 103 मिलियन डॉलर के साथ चौथे नंबर पर हैं। टॉप-10 में सबसे ज्यादा चार बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं।

# नौ पारियों में फेल होने वाले ऋषभ पंत को धवन ने बताया मैच विनर

## बोले- सैमसन को करना होगा इंतजार





नई दिल्ली ,ईएमएस। भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत के लिए वनडे और टी20 के पिछले कुछ मैच अच्छे नहीं रहे हैं। वह दोनों फॉर्मेट को मिलाकर पिछली नौ पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए हैं। पंत ने 10, 15, 11, 6, 6, 3, 9, 9 और 27 रन की पारी खेली है। इसके बावजूद उन्हें लगातार मौके दिए जा रहे हैं। पंत के कारण संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में नहीं रखा जा रहा है। खराब फॉर्म के बावजूद उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी करने वाले शिखर धवन का साथ मिला है।

शिखर धवन ने पंत को मैच विनर बताया है। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में पंत को भरपूर साथ मिलना चाहिए। धवन ने कहा, ÷कुल मिलाकर आपको बड़ी तस्वीर देखनी होगी और आपका मैच विजेता कौन है। आप विश्लेषण करते हैं और आपके फैसले उसी पर आधारित होते हैं। पंत ने हाल के दिनों में टेस्ट क्रिकेट में कई शानदार पारियां खेली हैं, लेकिन सीमित ओवरों में वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए तीसरे वनडे में पंत ने 16 गेंद पर 10 रन बनाए। भारतीय टीम 47.3 ओवर में 219 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में एक विकेट पर 104 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश के कारण खेल नहीं हो सका और मैच को रद्द घोषित किया गया। न्यूजीलैंड ने सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया। दूसरा वनडे भी बारिश के कारण नहीं हो पाया था। न्यूजीलैंड पहला वनडे जीता था। सैमसन की बात करें तो उन्हें बहुत ही कम मौके मिले हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सैमसन को ऑकलैंड में पहला वनडे खेलने का मौका मिला था और उन्होंने 36 रन बनाए थे। उसके बाद लगातार दो वनडे में उन्हें बाहर रखा गया। धवन से जब उनके बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सैमसन को अभी इंतजार करना होगा। धवन ने कहा, कप्तान के तौर पर मेरे लिए कोई मुश्किल बात नहीं है। बेशक, संजू सैमसन को जो भी मौका मिले हैं उनमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन कभी-कभी आपको अपने मौकों के लिए इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि दूसरे खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हम पंत की क्षमता को जानते हैं। वह एक मैच विजेता खिलाड़ी है। अगर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो उसे समर्थन करना चाहिए।

# सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस के इलाज के लिए जा रहीं साउथ कोरिया, यहां के ट्रीटमेंट से हैं परेशान?



**मुबंई, ईएमएस।** कहा जा रहा है कि सामंथा रुथ प्रभु अपनी बीमारी के अच्छे ट्रीटमेंट के लिए साउथ कोरिया रवाना हो रही हैं। । सामंथा ने बताया था कि हाल ही में उन्हें ऑटोइम्यून डिजीज मायोसाइटिस का पता लगा है, जिसे ठीक होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। बताया जा रहा है कि सामंथा को जैसी उम्मीद थी वह उतनी तेजी से ठीक नहीं हो पा रही थीं। खबर है कि सामंथा रुथ प्रभु अपनी बीमारी के अच्छे ट्रीटमेंट के लिए साउथ कोरिया का रुख कर रही हैं। बता दें कि साउथ फिल्म इंड्रस्टी की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अक्टूबर में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया था कि वह मायोसाइटिस नाम की बीमारी से लड़ रही हैं। उन्होंने अपनी बीमारी की जानकारी देते हुए जो तस्वीर शेयर की थी वो हॉस्पिटल की थी। सामंथा ने बताया था कि हाल ही में उन्हें ऑटोइम्यून डिजीज मायोसाइटिस का पता लगा है, जिसे ठीक होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। अब एक्ट्रेस ने अपने इलाज के लिए साउथ कोरिया का रुख किया है। बताया जा रहा है कि सामंथा को जैसी उम्मीद थी वह उतनी तेजी से ठीक नहीं हो पा रही थीं। बताया जा रहा था कि सामंथा आयुर्वेदिक दवाइयों का इलाज चाहती थीं और अब वह साउथ कोरिया से ट्रीटमेंट लेने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा रुथ प्रभु कुछ महीनों के लिए साउथ कोरिया में रहेंगी। सूत्रों के मुताबिक, सामंथा का मकसद है कि जब तक वह साउथ कोरिया में इलाज के दौरान उनकी हेल्थ में सुधार हो जाए और वह फिल्म च्खुशीज के सेट पर लौट जाएं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में विजय देवरकोंडा भी हैं।

### क्या है मायोसाइटिस बीमारी

बता दें कि मायोसाइटिस ( Myositis ) एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जो कई बीमारियों का समूह बताया जाता है। बताया जाता है कि यह रोगी के शरीर को धीरे-धीरे तोड़ती है और सबसे बड़ी समस्या ये है कि इसका कोई पुख्ता इलाज डॉक्टर्स के पास अभी तक नहीं है।

### खाने की नली, दिल और फेफड़ों पर भी करने लगता है असर

मायोसाइटिस से जूझ रहे रोगी के शरीर में अंदर से सूजन आने लगती है। कहा जाता है कि यह सूजन पहले तो मतौर पर कंधे, हाथ, पैर, जांघ, कमर और कूल्हों की मांसपेशियों में आती है, लेकिन यह खतरनाक तब हो जाती है जब खाने की नली, दिल और फेफड़ों पर भी असर करने लगती है।

# मॉडल ने ब्राजील टीम के लिए किया ऐलानमॉडल ने ब्राजील टीम के लिए किया ऐलान

**दोहा, एजेंसी।** कतर में फीफा वर्ल्ड कप 2022 जारी है और लगातार रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं. अब राउंड-16 की तस्वीर साफ होने लगी है, कई बड़ी टीमें इसमें अपनी जगह पक्की कर चुकी है जिसमें एक ब्राजील भी है. ब्राजील को लेकर एक मॉडल ने बड़ा ऐलान कर दिया है. मॉडल का कहना है कि वर्ल्ड कप में ब्राजील के हर गोल पर वह अपनी टॉपलेस तस्वीर फैन्स के साथ शेयर करेगी. ब्राजील की ही मॉडल Daiane Tomazoni ने फैन्स ने यह वादा किया है, जिसके बाद वह लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं. Daiane Tomazoni ने कहा कि उनके फॉलोवर्स का जो सेक्युर ग्रुप है, वह उनके लिए ऐसा करेंगी. वर्ल्ड कप में अब ब्राजील जब भी कोई गोल करेगा, तब वह अपने फैन्स के लिए ऐसा करेंगी. 24 साल की Daiane Tomazoni के इंस्टाग्राम पर हजारों की संख्या में फॉलोवर्स हैं और वह लगातार अपनी हॉट तस्वीरें पोस्ट कर फैन्स को अपना दीवाना बनाती रहती हैं. Daiane Tomazoni ने कहा कि ब्राजील के पिछले मैच में भी उन्होंने अपने फैन्स के लिए यह तोहफा दिया था. Daiane Tomazoni ने कहा कि वह अपनी टीम के लिए लकी साबित हो सकती हैं और ब्राजील वर्ल्ड कप जीत सकती है।



# गोलकीपर है या लोहे की दीवार!

## मेसी की 112 kmph की रफ्तार वाली किक के आगे बना फौलाद






**दोहा (कतर), एजेंसी।** अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से बुधवार को फीफा विश्व कप ग्रुप सी मैच में पोलैंड को 2-0 से हराकर राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वॉर्टर फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया। उसके लिए एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 46वें मिनट में और जूलियन अल्वारेज ने 67वें मिनट में गोल दागे। स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की टीम ग्रुप सी में पहले स्थान पर रही, जिससे वह नॉकआउट दौर में शानिवार को ऑस्ट्रेलिया के सामने होगी जिसने हैरान करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। विश्व कप के शुरुआती मैच में सऊदी अरब से मिली 1-2 की उलटफेर भरी हार के बाद अर्जेंटीना का अगले दौर में पहुंचना शानदार रहा। यह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़े उलटफेर में से एक था। मैच के दौरान हुई एक घटना की चर्चा हर ओर हो रही है। वह यह कि पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच श्जेस्नी का हाथ गलती से मेसी के चेहरे पर लगा जिससे पेनल्टी दी गई।

### गोलकीपर है या दीवार, रोक ली 112 द्मद्वश्चद्ध की रफ्तार वाली गेंद

गोलकीपर ने 39वें मिनट में मेसी की किक का डाइव करते हुए बचाव किया। तेज तर्रार युवेंटस के गोलकीपर ने अपनी बाई ओर हवा में गोता लगाकर मेसी की 112 द्मद्वश्चद्ध की रफ्तार से लगाई गई किक को दोनों हाथों से रोक लिया। इस मोमेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोग तो गोलकीपर को दीवार बता रहे हैं तो कुछ पेनल्टी चूकने के लिए मेसी की आलोचना कर रहे हैं। अगर यह गोल मेसी दाग देते तो उनके 3 गोल हो जाते और वह गोल्डन बूट की दौड़ में शामिल अन्य कुछ प्लेयर्स के बराबर पहुंच जाते। खैर, मैच के बाद मेसी कहा, 'अब एक और विश्व कप शुरू होता है। और उम्मीद है कि हम वही करना जारी रखेंगे जो हमने आज किया।' उन्होंने कहा, 'मैं निराश हूं कि मैं पेनल्टी चूक गया लेकिन मेरी गलती के बाद टीम ने मजबूत वापसी की। उल्लेखनीय है कि ईरान से मैच हारने के बाद मेसी ने कहा था कि अब टूर्नामेंट का हर मैच हमारे लिए फाइनल है। अगर वर्ल्ड चैंपियन बनना है तो टीम को हर मैच जीतना होगा। उनके चाहने वालों के लिए खुशी की बात यह है कि अर्जेंटीना ने उसके बाद शानदार वापसी भी की है।



# कभी कोयले की खुदाई करता था, अब अरबों का है मालिक, गुदड़ी के लाल की कहानी झकझोर देगी

**दोहा,एजेंसी। फुटबॉल की दुनिया में एंजेल डि मारिया का नाम नया नहीं है। यूरोप के लगभग सभी प्रमुख क्लब से खेल चुके डि मारिया फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना का हिस्सा हैं। विंगर के रोल में खेलने वाले 34 साल के डि मारिया ने 2005 में सीनियर करियर में डेब्यू किया था। 2008 में अर्जेंटीना के लिए पहला मैच खेलने का मौका मिला। वह अभी तक 126 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। वहीं 6 क्लब के लिए 693 मैचों में हिस्सा ले चुके हैं। 2022 में उनकी कमाई 221 करोड़ रुपये रही।**

### आसान नहीं रहा है सफर

एंजेल डि मारिया के लिए फुटबॉल के महान खिलाड़ियों में शामिल होने तक का सफर मुश्किलों भरा रहा है। अर्जेंटीना के रोसारियो में 14 फरवरी 1988 को डि मारिया का जन्म हुआ था। वह शुरुआत से ही फुटबॉलर बनना चाहते थे। उनके पिता भी फुटबॉलर थे लेकिन घुटने की गंभीर चोट के कारण करियर आगे नहीं बढ़ पाया। जिसकी वजह से उनके पिता को बहुत कम वेतन पर कोयला खनिक के रूप में काम करना पड़ा। उनकी मां के पास भी नौकरी नहीं थी। उनके पिता 16 साल तक कोयला खनिक के रूप में काम किया लेकिन उनका वेतन परिवार को सपोर्ट करने के लिए काफी नहीं था। परिवार पर संकट आने के बाद एंजेल डि मारिया ने भी पिता के साथ काम करके उनकी मदद करने का फैसला किया। हालांकि इसके बाद भी उन्होंने फुटबॉल की ट्रेनिंग जारी रखी। अपने बेटे के बारे में उनका डियाना हर्नांडेज ने एक इंटरव्यू में कहा था, %डि मारिया कोयला का काम करने वाले अपने पिता की मदद के लिए जाता था। मेरे पति उन्हें फावड़े से झोला भरने को कहते थे। वह जब घर लौटता था तो उसके सिर से पैर तक कोयला लगा होता था।

### 4 साल की उम्र से क्लब जा रहे

4 साल की उम्र में डि मारिया फुटबॉल सीखने क्लब जा रहे हैं। 2005 में लोकल क्लब रोसारियो सेंट्रल के लिए उन्हें डेब्यू का मौका मिला। 2005/06 सीजन में वह 25 मैच में क्लब ने मौका दिया। यहां अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें 2007 अंडर-20 वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना की टीम में चुना गया। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन गोल किए और अर्जेंटीना ने खिताब अपने नाम किया। 2007 में ही यूरोपियन फुटबॉल में डि मारिया की एंट्री हुई। पुर्तगाल के क्लब बेनफिका ने उन्हें अपने साथ जोड़ा। 2010 में सबसे सफल फुटबॉल क्लब में शामिल स्पेन के रियल मैड्रिड ने डि मारिया के साथ करार किया। उनकी ट्रांसफर फीस 25 मिलियन यूरो थी। उन्होंने क्लब के लिए 194 मैच खेले। इस दौरान ला लिगा और चैंपियंस लीग का भी खिताब जीता। इस दौरान क्रिस्टियानो रोनाल्डो उनके साथी खिलाड़ी थे। इसके बाद डि मारिया मैनचेस्टर यूनाइटेड और पीएसजी का भी हिस्सा रहे। अभी वह इटैलियन क्लब युवेंट्स के लिए खेलते हैं।

### मेसी को दिलाई पहली इंटरनेशनल ट्रॉफी

अर्जेंटीना ने 2021 कोपा अमेरिका का खिताब जीता था। यह लियोनेल मेसी की पहली इंटरनेशनल ट्रॉफी थी। फाइनल में अर्जेंटीना ने ब्राजील को 1-0 से हराया था। टीम के लिए यह गोल एंजेल डि मारिया ने ही किया था। 2008 ओलिंपिक में अर्जेंटीना ने गोल्ड मेडल जीता था। उसके फाइनल मुकाबले का एकमात्र गोल भी डि मारिया ने भी किया था।



# हार्दिक पंड्या को बीवी ने सिखाया था वोज वाला डांस, अब सामने आया घर के अंदर का प्रैक्टिस वीडियो

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेटर हार्दिक पंड्या का महेन्द्र सिंह धोनी के साथ वाला डांस वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में हार्दिक के डांस की लोगों ने जमकर तारीफ की हैऔर पूछा कि यह डांस कहां सी सीखा? क्रिकेटर ने वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि किसी और ने नहीं बल्कि उनकी वाइफ ने इस स्टेप को सिखाया है। लोगों ने हार्दिक पंड्या से पूछा- ये कूल डांस स्टेप्स कहां सीखा हैहार्दिक पंड्या ने दिखाया कि यह डांस उनकी बीवी ने सिखाया है क्रिकेटर हार्दिक पंड्या को उनकी वाइफ नताशा स्टैनकोविक ने डांस स्टेप सिखाया है। हार्दिक पंड्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वह वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वह हसबैंड को डांस कैसे करना है वह एक-एक स्टेप्स सिखा रही हैं। हालांकि, इस वीडियो के पीछे की कहानी कुछ और है।

### हार्दिक पंड्या ने दिखाया- बीवी ने कैसे सिखाए सारे मूव्स

हार्दिक ने इस डांस प्रैक्टिस वीडियो क्लिप को शेयर करते हुए लिखा है, च्जहां से डांस की सीख मिली है।ज्इस वीडियो में हार्दिक पंड्या की बीवी उन्हें सिखा रही हैं कि कैसे अपने बॉडी को मूव करना है। इसके बाद हार्दिक इस स्टेप्स को खुद रिपीट करते दिख रहे हैं।

### नताशा ने हसबैंड को किया प्रोत्साहित

नताशा उन्हें डांस सिखाती हुईं प्रोत्साहित करती दिख रही हैं और फिर दोनों मिलकर इस डांस मूव को करते दिख रहे हैं। इस वीडियो पर इंडस्ट्री के फ्रेंड्स और फैन्स ने ढेरों कॉमेंट किए हैं और कपल की तारीफ की है।

### वाइफ नताशा ने ऐसे सिखाया हार्दिक पंड्या को डांस

दरअसल हाल ही में हार्दिक पंड्या ने दुबई में हुई एक पार्टी से एमएस धोनी और क्रुणाल पांड्या के साथ अपना एक डांस वीडियो शेयर किया था। फैन्स हार्दिक पंड्या के कूल डांस स्टेप्स को लेकर उनकी खूब तारीफें कर रहे थे। लोग जानना चाह रहे थे कि उन्होंने यह डांस स्टेप्स कहां से सीखा है। अब हार्दिक पंड्या ने वीडियो शेयर कर दिखाया है कि उन्हें यह डांस किसी और ने नहीं बल्कि उनकी वाइफ नताशा ने ही सिखाया है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## 45 दिनों में
## 83 लाख
## से अधिक नये हितग्राही जुड़े

---

## नर्मदापुरम् संभाग से स्वीकृति-पत्र वितरण प्रारंभ

2 दिसम्बर 2022, अपराह्न 3:00 बजे
जिला-बैतूल

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11155-22

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022